✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 22 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 18 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के नदियावां में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक अम्बिका यादव के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अम्बिका यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक जन नेता एवं कर्मठ समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### थानाध्यक्ष को धमकी देकर तीन युवक फरार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बहेड़ी थाना में उस समय हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई जब तीन युवकों ने थानाध्यक्ष के कार्यालय में घुसकर जमकर बवाल काटा। आरोप है कि युवकों ने न केवल थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की, बल्कि जाते-जाते उन्हें एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी। घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### अचानक आग लगने से तीन गाड़ी स्वाहा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत मुसनापर गांव में बुधवार सुबह एक स्थान पर खड़ी तीन गाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में तीनों वाहन उसकी चपेट में आ गए और पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

### जमीन अधिग्रहण की समीक्षा करेंगे प्रमंडलीय आयुक्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए चल रही भू-अर्जन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा बुधवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में से हुई। इस दौरान उन्होंने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को अपने प्रमंडल के भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलों में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति, लंबित मामलों, मुआवजा भुगतान तथा अन्य प्रक्रियात्मक पहलुओं का आकलन किया गया। मंत्री डॉ. जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास परियोजनाओं में भूमि उपलब्धता से संबंधित बाधा को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा हो सके।

# बिहार को कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी केंद्र सरकार : शिवराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना स्थित लोक सेवक आवास के संकल्प सभागार में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण विकास योजनाओं को तेज गति से लागू करने और केंद्र व राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली महत्वाकांक्षी भीवी जी राम जी योजना को आगामी 1 जुलाई से पूरे बिहार में लागू कर दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए काम करेंगी। बैठक में मनरेगा के तहत बकाया मजदूरी भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से 30 जून से पहले सभी लंबित भुगतान कर दिए जाएंगे। इससे लाखों ग्रामीण मजदूरों को राहत मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार में 1 करोड़ 4 लाख लोगों की पहचान की गई थी जिनमें लगभग 60 लाख लोग पात्र पाए गए हैं। राज्य सरकार चाहती है कि इन सभी जरूरतमंद परिवारों को जल्द से जल्द पक्का घर मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बिहार में आवास निर्माण की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। लखपति दीदी अभियान में बिहार पूरे देश में पहले स्थान पर है। ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए आयोजित होने वाले सरस मेलों को भी केंद्र सरकार का सहयोग मिलेगा। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य में विभिन्न फसलों के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित (शेष पृष्ठ 11 पर)

# हाइटेंशन तार की चपेट में आई बस, दंपति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। ईंट भट्टे पर मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे श्रमिकों से भरी एक स्लीपर बस 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना उस समय हुई जब बस अपने गंतव्य से महज दो किलोमीटर दूर थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा पावापुरी स्थित समवशरण मंदिर के पास हुआ। बस की छत पर सामान के साथ साइकिलें भी रखी गई थीं। बताया जा रहा है कि एक साइकिल का हैंडल सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गया। संपर्क होते ही पूरी बस में करंट फैल गया। बस के अंदर बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग जान बचाने के लिए बस से कूद पड़े जबकि कुछ यात्री करंट की चपेट में आकर झुलस गए। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों मृतक पति-पत्नी बताए जा रहे हैं। उनकी पहचान घोषरावां गांव निवासी रूदल मांझी और उनकी पत्नी फूलो देवी के रूप में हुई है। दोनों बाहर ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे थे। परिजनों के मुताबिक घर पहुंचने में केवल कुछ ही मिनट बाकी थे, लेकिन उससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पावापुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। सभी घायलों को तत्काल विम्स, पावापुरी में भर्ती कराया गया। घायलों में पुटुस कुमारी, रिंकू देवी, कारु मांझी, संतोष मांझी, पवन मांझी, सरोज देवी, धर्मेंद्र मांझी और राज कुमार सहित अन्य लोग शामिल हैं। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# मुठभेड़ में घायल युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में बुधवार की सुबह पुलिस और हथियारबंद युवक के बीच हुई मुठभेड़ में घायल युवक की इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और दो खोखा बरामद किया था। भोजपुर एसपी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बुधवार सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि बिलौटी गांव निवासी काशीनाथ तिवारी का पुत्र भरत भूषण तिवारी हाथ में पिस्टल लेकर हवा में फायरिंग कर रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए शाहपुर पुलिस और भोजपुर एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने युवक को लगातार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन युवक नहीं माना और पुलिस पर रुक-रुक कर फायरिंग करता रहा। इससे पुलिसकर्मियों और आसपास मौजूद लोगों की जान-माल को खतरा उत्पन्न हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसटीएफ के जवानों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर क्लोज कॉर्डनिंग की। इसी दौरान युवक ने पुलिस टीम को निशाना बनाकर गोली चलाई। आत्मरक्षा एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें युवक के पैर में गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी।

# मरीजों को रेफर करने से बचें : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों को बड़ी नसीहत देते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि सामान्य मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर करने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी सामान्य मरीज को बिना उचित कारण के रेफर किया गया तो संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पटना के नदियावां में सहयोग शिविर के शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए नए भवनों का निर्माण भी कराया गया है। बावजूद मरीजों को लगातार रेफर किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे ज्यादा दवाइयां भी हम अस्पतालों तक पहुंचा रहे हैं। हमने अस्पतालों की इमारतें बनवाई हैं, सुविधाएं बढ़ाई हैं, इसके बावजूद मरीजों को रेफर किया जा रहा है। डॉक्टरों को अब थोड़ा और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस व्यवस्था को सुधारने के लिए 15 अगस्त तक की समय-सीमा तय की है। सभी जिलाधिकारी और मुख्य सचिव इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त के बाद जिला स्तर से किसी भी सामान्य मरीज को रेफर नहीं किया जाना चाहिए। मरीजों का इलाज संबंधित अस्पतालों में ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंभीर और जटिल बीमारियों के मामलों में रेफरल की व्यवस्था जारी रहेगी लेकिन सामान्य बीमारियों के लिए मरीजों को सीधे बड़े अस्पतालों में भेजने की प्रवृत्ति समाप्त करनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पतालों और जिला अस्पतालों की व्यवस्था को 15 अगस्त तक सुदृढ़ किया जाएगा। इसके बाद 31 दिसंबर तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की सुविधाओं को भी बेहतर बनाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर लगी रोक के बीच भू-स्वामियों को बड़ी राहत दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने विशेष परिस्थितियों में जमीन की खरीद-बिक्री और लीज की अनुमति देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव समेत कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि विशेष परिस्थितियों में ग्रीनफीड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री और लीज की अनुमति दी जाएगी। मंत्रिमंडल ने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू करने को मंजूरी दी है। यह परियोजना पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर संचालित होगी। पहले चरण में 200 और दूसरे चरण में 300 अतिरिक्त स्थानों पर यह व्यवस्था लागू की जाएगी। आईटीएमएस के तहत हाईटेक कैमरों और डिजिटल तकनीक के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान कर स्वतः ई-चालान जारी किया जाएगा। परियोजना की स्थापना, संचालन और रखरखाव पर अगले 10 वर्षों में बिहार सड़क सुरक्षा निधि से 622.04 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। मंत्रिमंडल ने बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी है। नई व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के आधार पर विभिन्न वेतन स्तरों पर सीधे सरकारी नौकरी दी जाएगी। मंत्रिमंडल ने जल संसाधन विभाग के 217 निरीक्षण भवनों को आधुनिक गेस्ट हाउस और ईको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बांधों, बराजों और जलाशयों के पास स्थित भवनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इस योजना के तहत शहरों और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के भवनों को आधुनिक गेस्ट हाउस के रूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना को पीपीपी और डीबीओएम मॉडल के तहत लागू किया जाएगा। निवेशकों को 30 वर्षों के लिए भूमि का पट्टा दिया जाएगा। इससे 58 जर्जर भवनों समेत सभी 217 निरीक्षण भवनों का जीर्णोद्धार होगा और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# राज्य के विभिन्न अस्पतालों का करेंगे औचक निरीक्षण : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पूरे एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में प्रदेश के लोगों की स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। वह खुद राज्य के विभिन्न अस्पतालों का औचक निरीक्षण करेंगे। श्री कुमार ने कहा कि उन्होंने जब से स्वास्थ्य विभाग का पदभार संभाला है, काफी समस्याएं सुनने को मिली हैं। मैंने सिविल सर्जन से कहा है कि आप अपनी अनियमितता ठीक करें। मैं अब औचक निरीक्षण पर निकलने वाला हूं। इसमें पता करेंगे कि मैंने जो निर्देश सिविल सर्जन या चिकित्सा पदाधिकारी को दिया है, उसका वो अनुपालन कर रहे हैं या नहीं? दरअसल पटना में निशांत कुमार जनता दरबार पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान निशांत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सभी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करेगा। जो जितना जरूरतमंद है हम उसकी उतनी मदद करेंगे। निशांत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य जिला और सदर अस्पतालों को इतना सक्षम बनाना है कि मरीजों को छोटी और सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए पटना नहीं आना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिले के जितने सदर अस्पताल हैं, हम उन्हें मजबूत करेंगे। ऐसे में वहां पर जितने भी छोटे ऑपरेशन जैसे सिजेरियन, हर्निया और गॉलब्लैडर जैसे ऑपरेशन वहीं हो सकें ताकि मरीजों को कम पटना रेफर करना पड़े। पीएमसीएच में पत्रकारों से बदसलूकी मामले पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि संविधान ने आपको अधिकार दिया है। आप पूरी स्वतंत्रता के साथ पीएमसीएच में जाकर रिपोर्टिंग कर सकते हैं। जो भी समस्याएं आ रही हैं उसे दूर करें। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरेंगे।



# मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : शिवराज सिंह चौहान

## मोदी सरकार ने 12 वर्षों में बदली देश की तस्वीर, बढ़ा दुनिया में भारत का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पटना में भाजपा महानगर द्वारा आयोजित 'प्रबुद्ध सम्मेलन' को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति राष्ट्र और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें मंत्री या बड़ा नेता कहते हैं, लेकिन वे स्वयं को हमेशा 'कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता' मानते हैं और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के पुनर्जागरण और विश्वगुरु बनने का जो सपना स्वामी विवेकानंद ने देखा था, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब दुनिया भारत को भ्रष्टाचार और घोटालों के नजरिए से देखती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने देश की छवि को पूरी तरह बदल दिया। आज भारत निवेश, नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक नेतृत्व के लिए पहचाना जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है। भारत की सुरक्षा और सम्मान से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीब कल्याण है। करोड़ों परिवारों को पक्के मकान, शौचालय, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। बिहार में भी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इस मौके पर कृषि मंत्री विजय सिन्हा, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, रत्नेश कुमार, संजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रीति शेखर, जिला अध्यक्ष रूप नारायण, पूर्व विधायक पवन जायसवाल, प्रभाकर मिश्रा, हरि भूषण ठाकुर बचौल, सीता साहू सहित प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल के पुनर्निर्माण का संकल्प हो रहा साकार : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया है। राज्य में अब डबल-इंजन सरकार स्थापित हो गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल को अन्य राज्यों की तरह केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। भारत दुनिया का नेतृत्व करने और विश्वगुरु बनने की दिशा में कई कदम आगे बढ़ा है। राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से विकास और विरासत के बीच संतुलन बना है। सेवा और सुशासन के 12 वर्षों ने हर नागरिक के जीवन को बदल दिया है और विश्वास जताया कि हर देशवासी 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में काम करेगा। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सीएम सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास, सुशासन और जन कल्याण के लिए कई सकारात्मक कदम उठा रही है। अब राज्य में स्वास्थ्य, उद्योग और अनुसंधान के क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं।

## अनुग्रह नारायण सिन्हा की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के प्रथम उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रहे अनुग्रह नारायण सिन्हा की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अनुग्रह नारायण सिन्हा आधुनिक बिहार के प्रमुख निर्माताओं में से एक थे। जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और सुशासन के प्रति उनके समर्पण के कारण उन्हें 'बिहार विभूति' के नाम से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि अनुग्रह बाबू ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपना संपूर्ण जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अनुग्रह नारायण सिन्हा एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने महात्मा गांधी और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथ चंपारण सत्याग्रह में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा राष्ट्रीय आंदोलन को नई दिशा प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अनुग्रह बाबू का जीवन देश की स्वतंत्रता, नवनिर्माण, न्यायप्रियता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक था। उनकी सादगी, ईमानदारी, प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता आज भी सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार के विकास और प्रगति में अनुग्रह नारायण सिन्हा का योगदान अविस्मरणीय है। राज्य और देश के प्रति उनकी सेवाओं को सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।

## बैंक ऑफ बड़ौदा का दो दिवसीय प्रॉपर्टी एक्सपो 2026 सफलतापूर्वक संपन्न

### ग्राहकों के गृह स्वामित्व के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध : सुब्रत कुमार स्वाईं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना अंचल द्वारा ज्ञान भवन, गांधी मैदान में आयोजित दो दिवसीय 'प्रॉपर्टी एक्सपो 2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस भव्य आयोजन को गृह खरीदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स तथा आम नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, पटना के महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाईं ने कहा कि प्रॉपर्टी एक्सपो का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रमुख बिल्डर्स एवं डेवलपर्स को एक मंच पर लाना तथा गृह खरीदारों के लिए अपने सपनों का घर चुनने और खरीदने की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, त्वरित ऋण स्वीकृति और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के माध्यम से ग्राहकों के गृह स्वामित्व के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। एक्सपो में पटना के 31 प्रतिष्ठित बिल्डर्स एवं डेवलपर्स ने भाग लिया जहां शहर की प्रमुख आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं को एक ही मंच पर प्रदर्शित किया गया। आयोजन के माध्यम से संभावित गृह खरीदारों को विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त करने, बिल्डर्स से सीधे संवाद स्थापित करने तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की आकर्षक गृह ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने का अवसर मिला। दो दिनों तक चले इस मेगा आयोजन में 4,000 से अधिक आगंतुकों एवं संभावित गृह खरीदारों ने सहभागिता की। बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में रुचि दिखाई और गृह ऋण सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## जागृति योजना का बीडीओ और बीपीआरओ करेंगे प्रचार-प्रसार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में जागृति योजना का बीडीओ और बीपीआरओ प्रचार-प्रसार करेंगे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की जागृति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने निर्देश जारी किया है। यह निर्देश प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मलिक के मार्गदर्शन व सचिव अरविंद कुमार दास के नेतृत्व में जारी किया गया है। निर्देश के अनुसार गुरुवार से 20 जून तक अनुमंडल पदाधिकारी परिसर शेरघाटी स्थित सुविधा केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकार, संरक्षण, कल्याण व गरिमा से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने और निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की गई है।

## राज्य के 13 महाविद्यालयों में 2026-27 से शुरू होगी रोजगारपरक शिक्षा

### हैदराबाद स्थित सेंटर फॉर रिसर्च इन स्किम्स एंड पॉलिसीज के संस्थापक सदस्य के साथ हुआ समझौता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के 4 विश्वविद्यालयों के 13 महाविद्यालयों में रोजगार परक शिक्षा (एइडीपी) होने जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से चुनिंदा कॉलेजों में इसकी शुरुआत हो जाएगी। लोकभवन में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में इस पर सहमति बनी। साथ ही हैदराबाद स्थित सेंटर फॉर रिसर्च इन स्किम्स एंड पॉलिसीज के साथ एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इस अहम बैठक के बाद सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी गई। वार्ता में सीआरआईएसपी के संस्थापक सदस्य आरएस जुलानिया ने कहा कि इसे शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू कर दिया गया है। एईडीपी एक चार वर्षीय स्नातक स्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रम है जिसमें 75 प्रतिशत अकादमिक ज्ञान और 25 प्रतिशत उद्योग विशिष्ट कौशल को समाहित है। इसकी महत्वपूर्ण विशेषता तृतीय वर्ष में स्टाइपेंड के साथ अनिवार्य अप्रेंटिसशिप है। छात्रों को अप्रेंटिसशिप के दौरान 12 हजार 300 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड देने का प्रावधान है। कार्यक्रम की सबसे आकर्षक विशेषता इसका 'प्री-प्लेसमेंट' स्वरूप है जिस उद्योग में छात्र अप्रेंटिसशिप पूरा करेंगे, वहीं उन्हें रोजगार का प्राथमिकता प्राप्त अवसर मिल सकेगा। यह 'अर्न व्हाइल यू लर्न' का बेहतरीन मॉडल है। बैठक में सीआरआईएसपी के बिहार स्टेट लीड वैद्यनाथ यादव ने कार्यक्रम की तकनीकी एवं शैक्षणिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ छात्रों के स्टाइपेंड सुनिश्चित करने के लिए समझौता ज्ञापन भी हो चुका है। जिन विश्वविद्यालयों में कोर्स की शुरुआत हो रही है, उसमें पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अलावा मुजफ्फरपुर के बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, भागलपुर स्थित तिलका मांझी विश्वविद्यालय और दरभंगा के मिथिला विश्वविद्यालय के चुनिंदा 13 कॉलेजों में कुछ विशेष तरह के कोर्सों की शुरुआत की जाएगी। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, बीआरएबी विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर, तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर और मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव तथा 13 महाविद्यालयों के प्राचार्य और एईडीपी कोऑर्डिनेटर शामिल हुए।

## डाबर पुदीन हरा का वंडर हर्ब अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के लाभों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी-बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक विशेष अभियान वंडर हर्ब शुरू किया। इस अभियान का शुभारंभ आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद फिजिशियन डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय ने पुदीना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई है। इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए डाबर उन लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं।

## कदाचार संबंधी कार्रवाई में नियमों का अनुपालन जरूरी : अपर मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कहा कि अधिकारियों के लिए बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली 2005 का अध्ययन जरूरी है। वह मंगलवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में कृषि सेवा के अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि निदेशालय करीब छह महीने से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर रहा है। पहले अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारियों के साथ-साथ अब अन्य संवर्ग के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में तैनात सभी पदाधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी सीसीए रूल संबंधी पुस्तक और उसमें दिए गए सर्कुलर का अध्ययन करना जरूरी है। कोई भी कार्रवाई पदाधिकारी के खुद की समझ या पारंपरिक आधार पर नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोर्ट में अधिकांश मामले कार्रवाई की प्रक्रिया में त्रुटि और नैसर्गिक न्याय के अभाव में खारिज होते हैं। राज्य सरकार के पदाधिकारियों के लिए सीसीए रूल में दी गई 33 कंडिकाओं का अध्ययन जरूरी है। निगरानी, संचालन, प्रस्तुतीकरण, नियमों के अनुपालन से सरकारी सेवक के खिलाफ आने वाले शिकायत या परिवाद में दंड देने की मात्रा का सही निर्धारण होता है और नैसर्गिक न्याय के अनुपालन का रास्ता साफ होगा। इस अवसर पर प्रशिक्षक सतीश तिवारी ने सरकारी सेवकों के खिलाफ आने वाले शिकायत और परिवाद के बीच का अंतर बताते हुए सीसीए रूल के तहत प्रकरण की प्राथमिक जांच, आरोप पत्र का गठन, बचाव का लिखित अभिकथन, समीक्षा, संचालन, प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी की नियुक्ति और अनुशासनिक प्राधिकार के समक्ष रखे गए निष्कर्षों के अलग-अलग प्रावधानों से सभी पदाधिकारियों को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यवाही या कार्रवाई के बजाए अनुशासनिक कार्यवाही या कार्रवाई नियम संगत है। प्रपत्र क की जगह आरोप पत्र, स्पष्टीकरण आदि की बजाय बचाव का लिखित अभिकथन शब्द का प्रयोग सही माना जाएगा। उन्होंने किसी भी सरकारी सेवक की प्रोन्नति रोकने के पीछे के तीन अलग-अलग परिस्थियों से अवगत रूबरू कराते हुए कहा कि आपराधिक मामलों में कोर्ट जिस दिन चार्ज फ्रेम करेगा, प्रकरण उसी दिन से प्रारंभ माना जाएगा। श्री तिवारी ने सरकारी सेवकों के खिलाफ बेनाम, छद्मनाम या खुले पत्र के माध्यम से प्राप्त होने वाले परिवाद, शिकायतों पर कार्रवाई संबंधी बारीक पहलुओं की भी जानकारी दी।

## कैबिनेट बैठक में नहीं हुई कुशल युवा कार्यक्रम पर चर्चा, केंद्र संचालकों में बढ़ा आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (के.वाई.पी) को लेकर राज्यभर के केंद्र संचालकों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। संचालकों का कहना है कि 17 जून को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में भी के.वाई.पी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं की गई जिससे उनमें निराशा और रोष व्याप्त है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि लंबे समय से नए नामांकन, लंबित भुगतान, तकनीकी समस्याओं तथा योजना के भविष्य को लेकर स्पष्ट नीति की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस घोषणा नहीं की गई है। कैबिनेट बैठक से संचालकों को उम्मीद थी कि के.वाई.पी के संबंध में कोई सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, परंतु ऐसा नहीं होने से उनकी चिंताएं और बढ़ गई हैं। संचालकों का कहना है कि के.वाई.पी बिहार के लाखों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। यदि समय रहते आवश्यक निर्णय नहीं लिए गए तो इसका प्रतिकूल प्रभाव छात्रों, प्रशिक्षण केंद्रों और कौशल विकास की पूरी व्यवस्था पर पड़ सकता है। केंद्र संचालकों ने सरकार से मांग की है कि के.वाई.पी से जुड़े सभी लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाए तथा योजना के संचालन और विस्तार को लेकर स्पष्ट रोडमैप जारी किया जाए, ताकि छात्रों और केंद्र संचालकों के बीच बनी अनिश्चितता समाप्त हो सके।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोलघर में चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास के 12 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राजधानी पटना में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम एवं प्रगति पथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य रूप से भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, हरित एवं विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत पटना के ऐतिहासिक गोलघर स्थित पार्क में आयोजित स्वच्छता अभियान से हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर परिसर की साफ-सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। स्वच्छ भारत अभियान ने देश के करोड़ों नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## जल जीवन हरियाली अभियान के तहत छह वर्ष में 95 फीसदी योजनाएं पूर्ण : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार के स्तर से 6 वर्ष पहले शुरू किए गए जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत लघु जल संसाधन विभाग की स्वीकृत कुल योजनाओं में 95 फीसदी योजनाएं पूरी हो चुकी है। यह जानकारी विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने बुधवार को सूचना भवन स्थित संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि सतही सिंचाई योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री की दो महत्वाकांक्षी योजनाएं जल जीवन हरियाली अभियान एवं 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में जल जीवन हरियाली अभियान शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कुल 2537 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसमें 2371 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। इन योजनाओं से लगभग 2,51,962 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता और करीब 1094 लाख घन मीटर जल संचयन क्षमता का पुनर्स्थापना हुआ है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में 206.39 करोड़ प्राक्कलित राशि की कुल 154 योजनाओं का प्रस्ताव नाबार्ड से स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भेजा गया है।

### कांग्रेस के पर्यवेक्षकों एवं पूर्व प्रत्याशियों की बैठक

## सांगठनिक पदों की शीघ्र होगी घोषणा : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षकों और पूर्व प्रत्याशियों की अहम बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसके तहत विभिन्न जोन की अद्यतन जानकारी भी बैठक में ली गई और रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत नए सांगठनिक पद देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 60% प्रखंड अध्यक्षों की सूची भी तैयार हो चुकी है और आगे भी दस दिनों में शेष बचे प्रखंडों के अध्यक्षों की सूची जारी हो जाएगी। इसके बाद जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक के पदों की भी घोषणा हो जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने विभिन्न पर्यवेक्षकों के कार्यों की समीक्षा के उपरांत अगले दस दिनों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि सांगठनिक पदों पर संगठन सृजन अभियान के तहत ही बहाली की जाएगी। इस अभियान के तहत संगठन को धारदार बनाने की कवायद राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप निर्धारित है और उसे बिहार में भी मजबूती से किया जाएगा। विधान परिषद में दल के नेता और पूर्व अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए सांगठनिक मजबूती के लिए पर्यवेक्षकों को आवश्यक सुझाव भी दिए और अभियान को शेष बचे दिनों के लिए गति देने की बात कही।

## राजस्व महा अभियान के आवेदनों को मिल रही गति, 21 जून तक बढ़ी विशेष मुहिम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के राजस्व महा-अभियान के तहत प्राप्त 46 लाख से अधिक लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान अब 21 जून 2026 तक जारी रहेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने निर्देश दिया है कि इस अवधि में सभी लंबित आवेदनों की शत-प्रतिशत स्कैनिंग एवं संबंधित पोर्टलों पर अपलोडिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि भूमि अभिलेख सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा आधारित नामांतरण से जुड़े मामलों का तेजी से निष्पादन किया जा सके। मंत्री ने कहा कि 11 जून से 17 जून तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान राज्यभर में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार महा-अभियान के तहत प्राप्त कुल 46,25,957 आवेदनों में से 95.73 प्रतिशत आवेदनों की स्कैनिंग पूरी कर ली गई है जबकि 60.27 प्रतिशत आवेदन संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों पर अपलोड किए जा चुके हैं। अभियान शुरू होने से पहले यह आंकड़ा क्रमशः 81.91 प्रतिशत और 26.43 प्रतिशत था। इस प्रकार एक सप्ताह के भीतर स्कैनिंग और अपलोडिंग दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। राजस्व मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खगड़िया में 99.92 प्रतिशत, दरभंगा में 99.72 प्रतिशत, पूर्णिया और वैशाली में 99.67 प्रतिशत, रोहतास में 99.53 प्रतिशत तथा समस्तीपुर और सुपौल में 99 प्रतिशत से अधिक स्कैनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं पोर्टल अपलोडिंग के मामले में शिवहर 89.92 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है जबकि किशनगंज (86.47 प्रतिशत), खगड़िया (84.83 प्रतिशत), दरभंगा (80.61 प्रतिशत), पूर्णिया (77.82 प्रतिशत) और वैशाली (75.17 प्रतिशत) भी अग्रणी जिलों में शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि अभी भी कुछ जिलों में अपलोडिंग और निष्पादन की गति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है। ऐसे जिलों के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान की सफलता के लिए अंचल अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और अन्य संबंधित कर्मियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की गई है तथा विभागीय स्तर पर प्रतिदिन प्रगति की निगरानी की जा रही है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार भूमि प्रशासन को पूरी तरह पारदर्शी, डिजिटल और जनोन्मुखी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व महा-अभियान के तहत प्राप्त लाखों आवेदनों का निष्पादन आम लोगों को भूमि संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सभी सैटेलाइट टाउनशिप में जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य सरकार के स्तर से पटना समेत 11 शहरों के पास घोषित सैटेलाइट टाउनशिप के लिए चिन्हित की गई जमीन पर लगी खरीद-बिक्री की रोक हटा दी गई है। ग्रीनफील्ड सैटनेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री की छूट देने से संबंधित प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में कुल 29 एजेंडों पर मुहर लगी। इसमें लिए गए निर्णयों के बारे में विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इन सैटेलाइट टाउनशिप की जद में जिनकी जमीन आई है, अब वे बिहार राज्य आवास बोर्ड को अपनी जमीन बेच सकते हैं। यह जमीन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से अधिसूचित बिहार रैयती भूमि क्रय नीति-2026 के अंतर्गत बिक्री की जा सकेगी। साथ ही राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद के स्तर से अनुमोदित निवेश परियोजनाओं के लिए संबंधित निवेशक को जमीन की खरीद-बिक्री करने की अनुमति प्रदान करने की भी स्वीकृति दी गई है। इस प्रावधान से भू-स्वामी की तत्कालिक वित्तीय आवश्यकताएं पूरी की जा सकेंगी और सरकारी प्राधिकार अपनी योजनाओं के लिए भूमि का प्रबंध भी कर सकेगी। राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद के स्तर से अनुमोदित निवेश परियोजनाओं के लिए भी जमीन का प्रबंध हो सकेगा।

### मंत्री जीतन राम मांझी ने इंद्रपुरी में संचालित खादी प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का किया भ्रमण

# स्वरोजगार योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं : मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी क्षेत्र अंतर्गत जमुहारा में संचालित खादी प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का आज केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने इकाई की उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया। उद्यमी और लाभुकों से संवाद कर उनके अनुभवों की जानकारी ली। यह इकाई वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमी सुमन सौरभ द्वारा स्थापित की गई है। इकाई में गोबर आधारित प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल पेंट का निर्माण किया जा रहा है जो स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। साथ ही यह स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने इकाई में निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित स्वरोजगार योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री द्वारा उद्योग विभाग की योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक भी की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य प्राप्ति और लाभुकों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पीएमईजीपी योजना के तहत रोहतास जिले द्वारा 177 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर केंद्रीय मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रसन्नता जताई कि रोहतास जिला पीएमईजीपी के तहत राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्मानित हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक आशीष रंजन को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक, उद्योग महाप्रबंधक रोहतास, योजना के लाभुक, स्थानीय उद्यमी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रखण्ड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में 131 आवेदनों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड क्षेत्र में आयोजित प्रखण्ड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनसे संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 131 आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 3, आयुष्मान वय वंदना कार्ड (70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) के 4, सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग) के 48, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के 12, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 22, लखपति दीदी योजना के 2, वीबीजी राम-जी के 1, किसान क्रेडिट कार्ड के 3, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 4, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान/छात्रवृत्ति योजना के 1, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के 2 तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के 1 आवेदन शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत भी 30 आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में लोगों को योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन एवं आवेदन प्रक्रिया में सहायता उपलब्ध कराई गई। डॉ. रवि रंजन ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है जिससे आमजन को काफी सुविधा मिल रही है तथा योजनाओं का लाभ पाने की प्रक्रिया सरल हो रही है।

## कैमूर में केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में आज आयोजित केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला मुख्यालय भभुआ के कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। भभुआ अनुमंडल में कुल 7728 परीक्षार्थियों की परीक्षा निर्धारित थी जिसमें प्रथम पाली में कुल 3392 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और कुल 4336 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल परीक्षार्थी 4369 अनुपस्थित और कुल 3311 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एक परीक्षार्थी को निष्काषित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा सतत निगरानी रखी जा रही थी। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा अव्यवस्था की सूचना प्राप्त नहीं हुई। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न हुई।

## राजपुर के बीडीओ पर मारपीट का आरोप, आवास सहायक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड कार्यालय में तैनात एक आवास सहायक द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाए जाने के बाद प्रशासनिक महकमे में चर्चा तेज हो गई है। आवास सहायक कुमार अमरेंद्र ने राजपुर थाने में लिखित शिकायत देकर बीडीओ रवि रंजन राज तथा एक सिपाही के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत के अनुसार 11 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे कुमार अमरेंद्र अपने कार्यालय में सरकारी कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें किसी विभागीय विषय पर चर्चा के लिए बीडीओ कार्यालय बुलाया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कार्यालय पहुंचने पर बीडीओ और वहां मौजूद एक सिपाही ने उनके साथ मारपीट की। आवास सहायक का कहना है कि बेल्ट, थप्पड़ और मुक्कों से की गई कथित पिटाई के कारण उन्हें शारीरिक चोटें आईं और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके साथ पूर्व में भी अभद्र व्यवहार किया जाता रहा है। आवेदन में उन्होंने कुछ अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं जिनकी जांच की मांग की गई है। घटना के बाद कुमार अमरेंद्र ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि फुटेज की जांच से घटना की वास्तविकता सामने आ सकेगी। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है तथा उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों के बीच भी चर्चा का माहौल है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि 11 जून को बीडीओ कार्यालय में वास्तव में क्या हुआ था।

## दो चोर गिरफ्तार, टुल्लू पंप व पंखा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस आवेदन के 24 घंटे के अन्दर दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि थाना क्षेत्र के बांक पंचायत के विशुन बिगहा में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य चल रहा था जहां निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सभी आवश्यक सामग्री एक गोदाम में बंद की गई थी। वहीं चोरों ने सोमवार की देर रात एक लाख रुपए का छड़, चार मोटर, दो वाई प्रेशर मशीन, 20 हाई मास्क लाइट सहित कई समानों की चोरी कर नौ दो ग्यारह हो गया जिसका कांड संख्या 235/26 है। उन्होंने बताया कि बुधवार को निर्माण कार्य देख-रेख कर्ता भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदई गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार ने लिखित आवेदन देकर विशुन बिगहा गांव के ही तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवक विशुन बिगहा गांव निवासी कृष्णा सिंह के पुत्र रितेश कुमार व दूसरा शोभनाथ सिंह के पुत्र अंजय कुमार को गिरफ्तार करते हुए एक बरुणा कंपनी का टुल्लू पंप और एक रॉयल शान कंपनी का स्टैंड पंखा बरामद किया। वहीं एक अन्य आरोपी फरार है। थानाध्यक्ष ने दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की अग्रेतर जांच की जा रही है।

## सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी का आरोप, राजद नेता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजद के डिहरी विधानसभा के प्रत्याशी रहे गुड्डू चन्द्रवंशी ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो एडिट कर गाली-गलौज वाला वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने की प्राथमिकी डिहरी नगर थाने में जक्खी बिगहा निवासी अमित सिंह राजपूत और उसके भाई सुमित सिंह पर मंगलवार रात किया। पुलिस के अनुसार राजद नेता ने अपने प्राथमिकी में कहा है कि 16 जून 2026 की शाम उन्हें परिजनों से सूचना मिली कि अमित सिंह राजपूत ने अपने आईडी से उनका वीडियो एडिट कर उसमें अभद्र गाली-गलौज जोड़कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है। वे अपने वार्ड पार्षद मित्र योगेंद्र राम और प्रमोद कुमार के साथ अमित से पूछताछ के लिए उसके बड़े भाई सुमित सिंह की दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि जब उन्होंने अमित से वीडियो के बारे में पूछा तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान अमित और सुमित ने कुर्सी और डंडे से गुड्डू चंद्रवंशी पर हमला कर दिया। मारपीट में उन्हें अंदरूनी चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि अमित सिंह राजपूत ने उनकी जेब से 17200 रुपये भी निकाल लिए। उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो वायरल होने से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। वीडियो को लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की भी जांच की जाएगी।

## असिस्टेंट कमांडेंट बन किसान पुत्र ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** 'लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' को चरितार्थ करते हुए रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड स्थित करूप गांव निवासी किसान अटल बिहारी सिंह और गृहिणी सीमा देवी के पुत्र रोहित कुमार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में असिस्टेंट कमांडेंट बनकर इतिहास रच दिया। साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि और सीमित संसाधनों के बावजूद रोहित ने आर्थिक तंगी को कभी अपने सपनों की राह में बाधा नहीं बनने दिया और कठिन परिश्रम से लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले रोहित औरंगाबाद में मद्य निषेध विभाग में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे, लेकिन नौकरी के साथ देशसेवा का बड़ा सपना पालते हुए उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। हैदराबाद में दो साल की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर पासिंग आउट परेड में शामिल होते ही करूप गांव और पूरे रोहतास जिले में जश्न का माहौल बन गया। रोहित की सफलता ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से गांव की पगडंडियों से निकलकर भी सर्वोच्च पदों तक पहुंचा जा सकता है। उनके असिस्टेंट कमांडेंट बनने की खबर मिलते ही पूरे काराकाट प्रखंड में बधाई देने वालों का तांता लग गया है और वे आज स्थानीय युवाओं के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं।

## पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस मेगा ड्राइव को लेकर डाककर्मियों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित डाकघर में बुधवार को पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (पीएलआई) के 25 जून से शुरू होने वाले मेगा ड्राइव को सफल बनाने के उद्देश्य से डाक कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रोहतास के डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी ने की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्य एवं योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक डाक अधीक्षक संतोष कुमार ने उपस्थित डाक कर्मियों को पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति का आसानी से पोस्टल जीवन बीमा कराया जा सकता है। उन्होंने डाक कर्मियों से अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने का आह्वान किया। डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी ने भी डाक कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस कम प्रीमियम में बेहतर सुरक्षा और अधिक बोनस प्रदान करता है। उन्होंने मेगा ड्राइव के दौरान लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। बैठक के दौरान डाक अधीक्षक एवं सहायक डाक अधीक्षक को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धनंजय कुमार (डाक अधिकारी), एमटीएस डालमियानगर ललन कुमार सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी उपस्थित रहे।

## उर्स मेले में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, 10 घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर थाना क्षेत्र के चैनपुर बाजार स्थित मखदूम साहब की मजार पर आयोजित सालाना उर्स मेले के दौरान मंगलवार की रात एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट शुरू हो गई। झड़प के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले जिसमें करीब 10 लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में से पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है जहां उनका इलाज जारी है। इलाजरत घायलों में रुस्तम कुरैशी, शमीम कुरैशी, इकबाल कुरैशी, सैफ कुरैशी और इकबाल कुरैशी शामिल हैं। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को एक-दूसरे पर लाठियां बरसाते देखा जा सकता है। हालांकि इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मारपीट के दौरान फायरिंग होने की भी चर्चा है, लेकिन पुलिस ने गोलीबारी की पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। वहीं कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि झड़प के दौरान गोली चलने से दो लोग घायल हुए।

## महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ राजद का धरना, सरकार पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित कलेक्ट्रेट के समक्ष बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित कर महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'राजद जिंदाबाद', 'मोदी सरकार हाय-हाय' और 'एनडीए सरकार हाय-हाय' के नारे लगाए तथा नौकरी के वादे पूरे करने, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करने और महंगाई पर नियंत्रण की मांग उठाई। धरना को संबोधित करते हुए एमएलसी अशोक पांडेय ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सरकार की नीतियों के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण देश और प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अपराध की स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि इन्हीं जनहित के मुद्दों को लेकर राजद कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं और जनता की आवाज बुलंद कर रहे हैं।

## अपहरण व हत्या मामले में दोषी कलियुगी चाचा को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करगहर (रोहतास)।** रोहतास जिले में करगहर थाना क्षेत्र के बभनी गांव में डेढ़ साल पहले सात साल के मासूम हिमांशु की अपहरण व हत्या के मामले में दोषी कलियुगी चाचा विभोर कुमार उर्फ अंकुर कुमार के सजा के विन्दु पर मंगलवार को जिला जज चार अनिल कुमार की अदालत ने सुनवाई की। मामले में अदालत ने दोषसिद्ध अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त कारावास की सजा होगी।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक – 1353/न0प0, दिनांक – 17/06/2026

**Corrigendum -1**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पत्रांक 1321 दिनांक 13.06.2026 के PRD सं0 PR 382310 District (26-27)#D द्वारा प्रकाशित निविदा के नियम एवं शर्त में कंडिका 39 जिसमें "एक निविदा में एक ही संवेदक को एक ही कार्य निर्गत किया जायेगा। विशेष परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा" जोडा जाता है।

निविदा को इस हद तक संशोधित पढ़ा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 382607 District (26-27)_D


# बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को मिलेगी नई गति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक विस्तार के लिए लगातार महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के संचालन को लेकर बुधवार को पटना में एक महत्वपूर्ण हितधारक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि का स्वागत अमित पाण्डेय, प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा पौधपात्र देकर किया गया। बैठक में बिहार सहित देश एवं विदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, केरल, उत्तर प्रदेश तथा देश के विभिन्न राज्यों से आए 40 से अधिक संस्थानों, निवेशकों, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने बिहार सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए राज्य में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में साझेदारी की अपार संभावनाओं पर सकारात्मक विचार व्यक्त किए। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि बिहार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता राज्य के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है तथा पीपीपी मॉडल के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के संचालन को नई गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों और संस्थानों को बेहतर आधारभूत संरचना, पारदर्शी प्रक्रियाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने सभी हितधारकों को बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास में डेवलपमेंट पार्टनर के रूप में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ समन्वय स्थापित कर इस महत्वाकांक्षी पहल को सफल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि ग्रीनफील्ड परियोजना के अंतर्गत 17 जिलों में नए स्वीकृत मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को पीपीपी मोड़ में संचालित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इन संस्थानों के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में लगभग 20 से 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के संचालन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं तकनीकी मार्गदर्शन के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर की नियुक्ति की जाएगी।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
**email:-gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539**

**E-TENDER 2nd TIME EXTENTION NOTICE**

Due to some unavoidable reasons **e-tender Notice No-100 & 101/PR/JBVNL/2026-27/** O&M, (33 KV CT (Current Transformer) & 11 KV CT (Current Transformer) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 29.06.2026 Time 17.00 Hrs |
| 2 | Last Date and time for submitting e-tender | Up to 29.06.2026 Time 17.00 Hrs |
| 3 | Date and time of opening of tender (Technical and Commercial Part-I) | 01.07.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website: www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification, please contact 7488397213 EE(IT)
6. Other terms & condition will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR No. 380501**

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medeninagar

PR 382581 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)#D

# मोदी सरकार के 12 साल : विश्वास, विकास और जनकल्याण के प्रतीक : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, नवादा में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में "मोदी सरकार के 12 साल : विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के – विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। सम्मेलन की शुरुआत भारत माता, पंडित दिन दयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मंच का संचालन नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा ने किया। मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें देश की बागडोर सौंपी थी। वर्ष 2019 में जनता ने पहले से भी बड़े जनादेश के साथ उस विश्वास को और अधिक मजबूत किया तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनकर यह स्पष्ट कर दिया कि देश की जनता विकास, सुशासन, पारदर्शिता और परिणाम आधारित राजनीति को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में आर्थिक, सामाजिक, सामरिक और वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की



फाइल पर हस्ताक्षर कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी सरकार के केंद्र में गरीब, किसान, युवा और महिलाएं हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना एवं हर घर जल जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। गरीबों को पक्का घर, महिलाओं को सम्मान, किसानों को आर्थिक सहायता तथा युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

विशिष्ट अतिथि सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल एक राजनीतिक कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के नव-निर्माण, आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के स्वर्णिम अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। भाजपा सरकार विकास और सुशासन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। आज भारत आत्मनिर्भरता, आर्थिक प्रगति और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास के बल पर भारत विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन का नया युग देखा है। जनता का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार की नीतियां समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही हैं। इस मौके पर कार्यक्रम जिला प्रभारी महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार चून्नू, प्रताप रंजन, सतीश सिन्हा विजय पाण्डेय, नरेश वर्मा, जितेंद्र बब्लू, दीपक रिंकू महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया सहित कई उपाध्यक्ष, मंत्री, मोर्चा के अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, मंडल अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## समाहरणालय परिसर में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 17 जून से 26 जून 2026 तक "नशा मुक्त भारत सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज दिनांक 17 जून 2026 को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा द्वारा समाहरणालय परिसर में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने हेतु शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस वर्ष अभियान का विषय "नशा मुक्त भारत अभियान : विकसित भारत की पहचान" निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशामुक्त युवा शक्ति ही विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण का आधार है। नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, शपथ ग्रहण समारोहों, रैलियों, नुक्कड़ नाटकों, संगोष्ठियों एवं जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। जिला प्रशासन, नवादा द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे स्वयं नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। नशा संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता, परामर्श अथवा उपचार के लिए राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन 14446 का उपयोग किया जा सकता है।

## पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के ग़ोविन्दपुर थानाक्षेत्र के बनिया बिगहा गांव में सनकी पति ने पत्नी पर ताबड़तोड़ चाकू के हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान मोहम्मद जहांगीर की पत्नी तमन्ना प्रवीण के रूप में की गई। बताया जाता है कि मो जहांगीर आज ही सूरत से अपना घर आया था और घर आते ही उसने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। जख़्मी पत्नी ने बताया कि जैसे ही वह घर आया, वैसे ही बैग से चाकू निकाल कर अचानक हमला करने लगा।इस दौरान मैं अपने आप को बचाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह चाकू से वार करता रहा। बाद में बच्चे एवं ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जख्मी को इलाज के लिए गोविंदपुर अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के मामा ने बताया कि विगत कई माह से दोनों पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चला आ रहा था। वह सूरत में रहकर होटल में काम करता है और कई माह से उसे खर्चा नही दे रहा था। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद चल रहा था।

## हेल्थ एवं नर्सिंग प्रैक्टिस" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को मिला सम्मान, मंत्री डॉ संतोष सुमन हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मॉडर्न शैक्षणिक समूह, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 16 जून को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवादा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में "डिजिटल हेल्थ एवं नर्सिंग प्रैक्टिस" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।

**नर्स का दूसरा स्वरूप मां के समान : मंत्री डॉ. संतोष सुमन**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के माननीय मंत्री सह जिला कार्यान्वयन समिति (नवादा) के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो निरंतर संघर्ष और परिश्रम करना होगा। नर्सों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा : "नर्स



का दूसरा स्वरूप मां के समान होता है। समाज में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोरोना काल में नर्सों ने जिस समर्पण, सेवा और त्याग का परिचय दिया, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। जब लोग अपने परिजनों से भी दूर हो रहे थे, उस समय नर्सों ने मानवता की सेवा कर मातृत्व और करुणा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।" उन्होंने नर्सिंग पेशे से जुड़े लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे अस्पतालों में मरीजों की देखभाल के साथ-साथ चिकित्सकों की सहायता भी करती हैं, इसलिए उन्हें इस महान कार्य में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

मॉडर्न शैक्षणिक समूह, नवादा के सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि उनका संस्थान नर्सिंग शिक्षा के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर समर्पित है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं सेवा-भाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. मनीराम ने किया। जबकि प्रीति कुमारी एवं शिवानी कुमारी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के खपुरा गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूपर गांव निवासी 42 वर्षीय बबलू बिंद के रूप में की गई है मृतक के साले रोहित कुमार ने बताया कि बबलू बिंद सूरत में मजदूरी का काम करते थे और 14 जून को अपने ससुराल खपुरा गांव आए थे। उनके बच्चे ससुराल में रहकर पढ़ाई करते हैं। मंगलवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने साथ में भोजन किया, जिसके बाद सभी लोग सोने चले गए। रोहित कुमार के अनुसार, रात करीब 12 बजे उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि बबलू बिंद छत पर नहीं हैं। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान घर के एक कमरे में उनका शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही नगरनौसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की छानबीन की जा रही है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर 17 जून 2026 को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने के.एल.एस. कॉलेज, नवादा, कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा, द-दीक्षा स्कूल, नवादा एवं नगर मध्य विद्यालय, पुरानी जेल रोड, नवादा स्थित परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों एवं प्रतिनियुक्त





दण्डाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया।

जिला पदाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु केंद्रीय चयन पर्षद एवं जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, तलाशी व्यवस्था, जैमर एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था सहित परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, संबंधित केन्द्राधीक्षक, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।

## 100 सीट वाले एनआईटीएन लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। कौआकोल बाजार से आश्रम जाने वाली मुख्य सड़क पर बघेल नदी के समीप बुधवार को 100 सीटों वाली एनआईटीएन लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। लाइब्रेरी के उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र के छात्रों में उत्साह का माहौल देखा गया। लाइब्रेरी के संचालक प्रमोद कुमार बर्णवाल उर्फ प्रमोद सर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि अक्सर छात्रों को शांत वातावरण और आवश्यक सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई करने में कठिनाई होती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में छात्रों को वातानुकूलित एवं शांत वातावरण, व्यक्तिगत सामान रखने के लिए लॉकर सुविधा,शुद्ध पेयजल हेतु आरओ वाटर,निर्बाध पढ़ाई के लिए बेहतर लाइट व्यवस्था,मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए फोन चार्जिंग पॉइंट,सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, भोजन के लिए लंच प्वाइंट तथा इंटरनेट सुविधा के लिए फ्री वाई-फाई समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है। संचालक ने कहा कि यह लाइब्रेरी खासकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। इससे स्थानीय छात्रों को बड़े शहरों की तरह बेहतर पढ़ाई का माहौल अपने क्षेत्र में ही मिल सकेगा।

## महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर राजद द्वारा मंगलवार को बिहारशरीफ के अस्पताल चौक पर एक दिवसीय धरना दिया गया। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित इस धरने में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया तथा केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु ने केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज आम जनता महंगाई की मार से कराह रही है। खाद्य पदार्थों से लेकर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और पढ़े-लिखे युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सरकार रोजगार सृजन के बजाय केवल बड़े-बड़े दावे कर रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन , शक्ति सिंह यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर





रही है। किसानों, मजदूरों, छात्रों और युवाओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने आम परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। अपराध और भ्रष्टाचार के कारण जनता का भरोसा शासन-प्रशासन से उठता जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि राजद हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ता रहा है और आगे भी जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए जनहित के मुद्दों पर ठोस कदम उठाने की मांग की। मौके पर सुनील यादव, अरुण कुमार उर्फ कल्लू मुखिया, अमोद कुमार, दीपक सिंह, शेखर यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बंद घर का ताला तोड़कर नगद ज्वेरात सहित लाखो की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा थाना क्षेत्र के बेगमपुर गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और जेवरात, नकदी, नए कपड़ों समेत करीब 8 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है तथा ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार, बेगमपुर निवासी उमेश सिंह चार दिन पहले अपने पूरे परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। मंगलवार सुबह उनका बेटा और बहू जब घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर प्रवेश करने पर सभी कमरों के ताले और अलमारियां टूटी मिलीं। चोरों ने गोदरेज में रखे जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित उमेश सिंह ने बताया कि आगामी 6 जुलाई को उनके भतीजे की शादी होने वाली है। शादी की तैयारियों को लेकर हाल ही में 35 हजार रुपये के नए कपड़े खरीदे गए थे, जिन्हें भी चोर अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। ठीक एक वर्ष पूर्व उनकी बेटी की शादी से चार दिन पहले भी इसी घर में चोरी हुई थी। उस समय चोरों द्वारा जेवरात चोरी कर लिए जाने के कारण बेटी की शादी तक प्रभावित हो गई थी। अब भतीजे की शादी से पहले हुई इस घटना ने परिवार को एक बार फिर गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलने पर नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एफएसएल टीम तथा डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## नशा मुक्त समाज बनाने का दिलाई शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान में नशा मुक्त समाज बनाने को लेकर बीडीओ ओम प्रकाश व अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रतिज्ञा लिया कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त रखने का शपथ लिया। शपथ पत्र में युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक



है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय,परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएंगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर नालन्दा, बिहार को नशामुक्त कराने का दृढ निश्चय करें। मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि अपने देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूंगा।

## टॉप-10 अपराधी अवध बिहारी उर्फ बंडा गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय थाना पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में नालंदा जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल अवध बिहारी उर्फ बंडा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा तथा दो स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 15 जून की शाम करीब 4:30 बजे नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार को गुप्त सूचना मिली कि प्रहलादनगर निवासी टॉप-10 अपराधी अवध बिहारी उर्फ बंडा पटना के जीरो माइल स्थित पुल के नीचे देखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ के सहयोग से विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम ने जीरो माइल स्थित पुल के नीचे गुमटी के पास छापेमारी कर अवध बिहारी उर्फ बंडा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोहे का देशी कट्टा एवं दो स्मार्टफोन बरामद किए गए। गिरफ्तार अपराधी की पहचान प्रहलादनगर निवासी तनिक गोप के पुत्र अवध बिहारी उर्फ बंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा सहित विभिन्न गंभीर अपराधों के 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी सूची में शामिल था। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार पुरी, नूरसराय थाना के सशस्त्र बल तथा एसटीएफ के जवान शामिल थे।

# ‘12 साल बेमिसाल’ अभियान के तहत डॉ. प्रेम कुमार ने किया व्यापक जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान ‘12 साल बेमिसाल : सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण’ के अंतर्गत बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गया नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में व्यापक जनसंपर्क एवं जनसंवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से संवाद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। दक्षिणी मंडल के अंतर्गत डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 41 स्थित शाहमीर तकया रविदास टोला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद वार्ड संख्या 43 के गोदावरी मंदिर परिसर में आयोजित जनसंवाद एवं कलश यात्रा में शामिल हुए। वार्ड संख्या 35 के गेवाल बिगहा में समाजसेवी बॉबी खान के आवास पर आयोजित बैठक में स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 45 स्थित ब्रह्मसरोवर में जनसंवाद एवं आरती कार्यक्रम में भाग लिया तथा वार्ड संख्या 44 में डॉ. संकेत नारायण के आवास पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उत्तरी मंडल के अंतर्गत छोटकी नवादा क्षेत्र में वार्ड संख्या 4 स्थित कुष्ठ अस्पताल के निकट आयोजित बैठक में उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया और सुझाव प्राप्त किए। इसके साथ ही वार्ड संख्या 6 स्थित बम बाबा एवं चौहरमल बाबा सामुदायिक भवन तथा बागेश्वरी मंदिर के समीप आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में भाग लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। रामशिला मंदिर और गणेश मंदिर के निकट आयोजित बैठकों में भी उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह अभियान सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और जनता से सीधे संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रमों में सुनील सिन्हा, राजनंदन गांधी, नीरज निश्चल उर्फ मुन्नीलाल, पप्पू नीलकर, डबलू राय, बबलू चंद्रवंशी, शिवनारायण सिंह, सुशील पासवान, कौशलेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार, दीनानाथ प्रसाद, शिव मांझी, इंद्रदेव यादव, जितेंद्र यादव, मोहन कुशवाहा, श्याम बिहारी, रामलगन प्रसाद (अभियंता), पप्पू कुमार, वेद प्रकाश, राकेश कुमार और हबलू पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## अइमा पैक्स चुनाव में पंकज कुमार निर्विरोध निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** खिजरसराय प्रखंड की अइमा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव में पंकज कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। बुधवार को प्रखंड कार्यालय में उन्हें निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार पैक्स चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इनमें पंकज कुमार एवं नवनीत कुमार शामिल थे। नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) के दौरान नवनीत कुमार का नामांकन रद्द कर दिया गया। बताया गया कि नवनीत कुमार सहकारी समिति के सदस्य नहीं थे जिसके कारण उनका नामांकन वैध नहीं पाया गया।

## घर में सोई महिला की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के निमसर ग्राम में घर में सोई महिला की हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी स्वजनों को बुधवार की सुबह हुई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अलीपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा। मृतका की पहचान निमसर ग्राम निवासी प्रमोद कुमार की 30 वर्षीय पत्नी संगीता कुमारी के रूप में हुई। मृतका के पति प्रमोद के अनुसार प्रमोद अपने पुत्र से मिलने झारखंड गया हुआ था। वहीं पत्नी संगीता व अन्य बच्चे घर में थे। बुधवार की सुबह जब प्रमोद घर पहुंचा तो घर का दरवाजा खुला पाया व पत्नी संगीता को मृत अवस्था में पाया। घटना की सूचना अलीपुर थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची अलीपुर थाना की पुलिस ने साक्ष्य संकलित करते हुए घटना की बारीकी से जांच कर शव को कब्जे में लिया। वहीं घटनास्थल पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल व एसएचओ सत्यम भी पहुंचे व घटना की जानकारी ली। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम व श्वान दस्ता को भी बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किया है। मृत महिला के सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे।

## ट्रक की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के निमड़ी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक नित्यानंद कुमार (36) की औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना जीटी रोड स्थित ओरा पुल के समीप पचरुखिया मोड़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार नित्यानंद कुमार ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर पानी लेने गए थे। वापस लौटने के क्रम में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गया स्थित विष्णुपद के निकट अंतिम संस्कार किया गया जहां मृतक के डेढ़ वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दी। नित्यानंद कुमार अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं।

## दिवंगत थानाध्यक्ष के परिजनों से मिले विधायक अजय दांगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक अजय दांगी ने प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की और सांत्वना दी। विधायक सबसे पहले कोराप पंचायत के डिहुरी गांव पहुंचे जहां उन्होंने बेगूसराय में सड़क दुर्घटना में मृत मधेपुरा जिले के बेलारी थाना अध्यक्ष रहे नीरज कुमार के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इसके बाद वे काबर पंचायत के प्रधाना गांव पहुंचे और हाल ही में सड़क हादसे में मृत 25 वर्षीय धर्मजीत साव के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दोनों परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं। इस मौके पर राजद प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार, मोहन यादव, सुजीत यादव, मुखिया अवधेश दास समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## तीन दिवसीय जन कल्याण सह सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिले में तीन दिवसीय जन कल्याण सह सहयोग शिविर का आयोजन 16, 17 और 18 जून को प्रत्येक प्रखंड में किया जा रहा है। इनमें प्राप्त आवेदन का स्थल पर ही गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जा रहा है और शेष बचे आवेदनों का 30 दिन के अंदर निष्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाए गए हैं जहां एक ही स्थान पर निबंधन, ई केवाईसी, सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इससे आम लोगों को काफी सुविधा हो रही है। लोगों को इससे अपने समस्याओं को समाधान करने में एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी का सम्मान समारोह आयोजित

### अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज को भाजपा से जोड़ने का लिया संकल्प, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अरवल।** अरवल के बैदराबाद स्थित सम्राट अशोक हॉल में ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा समाज की ओर से भाजपा ओबीसी मोर्चा, बिहार प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के सम्मान में कृतज्ञता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ. चंद्रभूषण चंद्रवंशी ने की। समारोह को संबोधित करते हुए कुर्था विधायक पप्पू वर्मा ने कहा कि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी पिछड़ों, दलितों एवं वंचित समाज के सच्चे हितैषी हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में हमेशा गरीबों एवं शोषितों की आवाज उठाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा उन्हें ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर समाज को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान किया गया है। इसके लिए उन्होंने पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि मगध एवं शाहाबाद क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों की जीत में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें आगे और बड़ी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, ताकि वे अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज की और अधिक मजबूती से सेवा कर सकें। उन्होंने प्रशासन को भी सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलेगा। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि इसी हॉल में उन्होंने अरवल से भाजपा प्रत्याशी मनोज शर्मा एवं कुर्था से जदयू प्रत्याशी पप्पू वर्मा को विजयी बनाने का आह्वान किया था जिसे जनता ने सफल बनाया। इसके लिए उन्होंने अरवल की जनता और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व, राष्ट्रीय मंत्री नितिन नवीन, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ओबीसी मोर्चा संगठन के ‘छोटे भाई’ की भूमिका निभाते हुए भाजपा को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य ओबीसी मोर्चा को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना तथा अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज के लोगों को पुनः भाजपा से जोड़ना है। उन्होंने बिहार में वर्ष 2005 के बाद हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायत एवं नगर निकायों में अति पिछड़ा, महिला एवं दलित समाज को आरक्षण देकर उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया जिससे पिछड़े वर्गों को न्याय और अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान किए जाने को पिछड़ा समाज के सम्मान से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जदयू जिला अध्यक्ष आनंद कुमार वर्मा, जदयू प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खिजरसराय में जनकल्याण शिविर में उमड़ी भीड़, समस्याओं का निबटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से खिजरसराय प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न विभागों के काउंटरों पर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविर में पीएचईडी, जीविका, सहकारिता, मनरेगा, कृषि, शिक्षा, जनकल्याण, विद्युत, उद्योग, आपूर्ति विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी लोगों की शिकायतें सुनने और योजनाओं की जानकारी देने में जुटे रहे। इसके अलावा बैंक अधिकारियों एवं बुनियाद केंद्र के कर्मियों की भी तैनाती की गई थी। ऋण संबंधी समस्याओं, बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया गया। जनकल्याण विभाग के स्टॉल पर सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की भारी भीड़ देखने को मिली। कई लाभार्थियों ने बताया कि ई-केवाईसी नहीं होने के कारण उनकी पेंशन पिछले कई महीनों से रुकी हुई है। शिविर में बड़ी संख्या में लाभार्थियों का ई-केवाईसी कराया गया, ताकि जल्द से जल्द उनके खातों में पेंशन राशि का भुगतान हो सके। शिविर परिसर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप भी लगाया गया था जहां डॉक्टरों की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान शुगर, रक्तचाप (बीपी) सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा जरूरतमंदों को आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी सुमन ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी आवश्यक है तथा सरकार जनहित की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सद्भावना क्रिकेट मैच में प्रशासन टीम की जीत

### बीडीओ संभव कुमार सिंह बने मैन ऑफ द मैच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** गांधी इंटर उच्च विद्यालय खेल स्टेडियम में बुधवार को प्रशासन बनाम पब्लिक के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। टॉस जीतकर प्रशासन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 140 रन बनाए और पब्लिक टीम को 141 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पब्लिक टीम प्रशासन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 8 ओवर में 50 रन पर सिमट गई। इस तरह प्रशासन टीम ने एकतरफा मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर सद्भावना मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रशासन टीम की कप्तानी अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने की जबकि पब्लिक टीम का नेतृत्व डॉ. बी.डी. शर्मा ने किया। खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान खेल भावना एवं आपसी सौहार्द का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुरारू के बीडीओ संभव कुमार सिंह को ‘मैन ऑफ द मैच’ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच के समापन पर खिलाड़ियों और दर्शकों ने खेल के माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, प्रखंड नाजीर जयंत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**शपथ पत्र**

मैं खुरसिदा खातून पति- मो. मनौवर रजा ग्राम- करमाईन पो.- अंगरा थाना- आंती जिला-गया (बिहार) सत्य एवं निष्ठापूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरा नाम आधार कार्ड संख्या-4671 5676-5409 है जिसमें मेरा नाम खुरसिदा खातुन (Khursida Khatoon) अंकित है। इलाहाबाद बैंक शाखा उचौली में मेरे नाम एक बचत खाता है जिसका खाता संख्या- 21941582050 है जिसमें मेरा नाम फरजाना बानो (Farzana Bano) अंकित है। खुरसिदा खातुन (Khursida Khatoon) एवं फरजाना बानो (Farzana Bano) दोनों मेरा ही नाम है मैं उक्त दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। इस नाम से मेरे गांव में कोई अन्य दूसरी महिला नहीं है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः सही एवं सत्य है।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 1229 दिनांक 17.06.2026

शपथकर्ता
खुरसिदा खातुन


## पीएम के 12 वर्ष पूरा होने पर भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिले में प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा जिला इकाई द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों और विकसित भारत बनाने की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में प्रबुद्ध लोगों से संपर्क कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की उपलब्धियां के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है।

## रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के कुशा बीजा पंचायत अंतर्गत तड़वा गांव में आयोजित श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महायज्ञ के समापन पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ। भंडारे के सफल आयोजन में ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गणित के घुमावदार प्रश्नों ने उलझाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। शहर में 14 केंद्रों पर बुधवार को मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा हुई। दो पालियों में हुई परीक्षा में आधे से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 13296 में से 6679 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। लिखित परीक्षा में एक बार फिर गणित के सवालों ने घुमाया।


**कार्यालयः– जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**आम सूचना**

विज्ञापन सं0 01/2026 (आयुष), दिनांक 28.04.2026 एवं PR378680 Health Medical Education and Family welfare (26-27) #D द्वारा जिला आयुष समिति, गढ़वा के अधीन जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान अरोग्य मंदिर (आयुष) हेतु प्रतिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक महिला/पुरूष से दिनांक 28.04.2026 से 12.05.2026 के संध्या 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गए थे। जिसमें कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदन को कम्प्यूटर में प्रविष्टी करते हुए दिनांक 08.06.2026 को जिला स्तरीय गठित कमिटि द्वारा स्क्रुटनी की गई जिसमें 76 आवेदकों का आवेदन योग्य पाया गया। योग्य एवं अयोग्य उम्मिदवारों की सूची जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड है, जिन आवेदकों को किसी प्रकार की अंकनीय/टंकनीय मात्र सुधार करना हो तो वे दिनांक 25.06.2026 के संध्या 05:00 बजे तक कार्यालय के इमेल आईडी garhwayoga2026@gmail.com पर साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी सह सदस्य सचिव जिला स्तरीय गठित कमिटि, गढ़वा।

सिविल सर्जन सह अध्यक्ष जिला स्तरीय गठित कमिटि गढ़वा।

PR 382555 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27*D


## गया में खेल अवसंरचना की दिशा में कार्य तेज किया जाए : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आज खेल विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह एवं खेल विभाग के निदेशक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में गया जिले तथा मगध प्रमंडल में खेल अवसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं खेल सुविधाओं के विस्तार की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने गया कॉलेज के समीप प्रस्तावित 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, बोधगया स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान, विशेष कार्यबल प्रशिक्षण केंद्र तथा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रस्तावित खेल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। विभाग द्वारा बताया गया कि इन सभी परियोजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय को स्वीकृति हेतु भेजे जा चुके हैं और स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि गया जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले शहर में आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास समय की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र डीपीआर तैयार करने पर बल दिया। मगध प्रमंडल अंतर्गत चंदौती के दूर्वे में प्रस्तावित प्रमंडलीय खेल परिसर की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि बिहार के सभी प्रमंडलों के लिए एक आदर्श खेल परिसर मॉडल विकसित किया जाए, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक्स ट्रैक, खेल मैदान, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के आवास, प्रशिक्षण केंद्र तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि गया में पर्याप्त भूमि, एयरपोर्ट, रेल एवं सड़क संपर्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए इसे खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया जा सकता है। बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने मगध प्रमंडल में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गया में दो विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तथा उत्कृष्ट परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसके कारण यहां साई केंद्र की स्थापना खिलाड़ियों के हित में अत्यंत उपयोगी होगी। उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने गया जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित करने हेतु विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान खेल विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि गया में एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0 जनजाति, अनु0 जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
**Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in**

**(अल्पकालीन निविदा)**

वित्तीय वर्ष 2026–27 के निमित्त पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के लिए पोषाक, कम्बल, बेडसीट, मच्छरदानी ओढ़ने–बिछाने का चादर एवं तकिया कवर आदि सामग्रियों का दर निर्धारण/आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता के चयन के हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 03.07.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 03.07.2026 को 3:00 बजे अपराह्न में क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उप विकास आयुक्त, पलामू कार्यालय अवस्थित सभागार में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

(A) क्रय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची :– सामग्रियों की सूची जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है या पलामू जिला के Website (Palamu.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, पलामू

PR 382551 District (26-27)_D

संपादकीय

## पाकिस्तान नहीं असल भूमिका कतर की रही!

यह बात उजागर हो गई है कि अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित समझौते में असल भूमिका कतर की रही है, न कि पाकिस्तान की। जबकि इस मामले में आधिकारिक मध्यस्थ की भूमिका अब तक पाकिस्तान निभा रहा था। ऐसे में दो सवाल उठ रहे हैं, पहला तो यह कि क्या अमेरिका ने पाकिस्तान को इस पूरे प्रकरण में डमी की तरह इस्तेमाल किया और दूसरा यह कि इस समूचे मामले में भारत को अपनी विदेश नीति पर फिर से विचार करना चाहिए। कतर की पर्दे के पीछे की अहम भूमिका को बल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से मिला, जिसमें उन्होंने कहा कि कतर तारीफ का हकदार है और उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए। इस समझौते में कतर ने हमारी बहुत मदद की। हमें यह समझना होगा कि कतर किसी भी दूसरे देश, यहां तक कि यूएई से भी ज्यादा हर चीज के केंद्र में है। बाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इस बात की पुष्टि की। ट्रंप ने घोषणा की कि इस शुक्रवार को ईरान के साथ किए गये एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अगर सचमुच ऐसा हुआ तो पश्चिम एशिया में बीते 100 दिन से चल रहे युद्ध के बाद स्थायी संघर्ष विराम की उम्मीदें बढ़ गई हैं। उधर तेहरान ने भी इस घोषणा की पुष्टि करते हुए कहा है कि युद्ध जो 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका इजरायल के हमले के बाद शुरू हुआ था उसे सोमवार सुबह से खत्म कर दिया जाएगा। वैसे खाड़ी देश कतर पहले भी अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। लेकिन बातचीत के दूसरे दौर के बीच ही ट्रंप ने ईरान पर हमला कर दिया। ऐसे में परस्पर विश्वास कितना कायम रहता है, यह देखने की बात है। वैसे समझौते की खास बात यह भी है कि आगे दोनो देशों के बीच बैठक स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में होगी, न कि पाकिस्तान में। ईरान के कानूनी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप-विदेश मंत्री काज़ेम ग़रीबाबादी ने पुष्टि की कि सैन्य अभियानों के जल्द खत्म होने की उम्मीद है।

गरीबाबादी ने कहा कि सोमवार से लेबनान सहित विभिन्न मोर्चों पर युद्ध और सैन्य अभियानों को तुरंत और स्थायी रूप से खत्म करने की घोषणा की जाएगी। अंतिम समझौते पर बातचीत 60 दिनों की अवधि के दौरान होगी जो इस बात पर निर्भर करेगा कि ईरान यह पुष्टि करे कि अमेरिका ने अपने वादे पूरे कर लिए हैं। इन वादों में दुश्मनी खत्म करना, नौसैनिक नाकेबंदी हटाना और ईरान की फ्रीज की गई संपत्ति को जारी करना शामिल है। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात साबित हो गई कि पाकिस्तान में दम नहीं था कि वो अमेरिका और ईरान के बीच समझौता करा सके। लिहाजा यह काम कतर को संभालना पड़ा। यह बात अलग है कि अमेरिका ईरान विवाद के बीच पाक के कर्णधारों ने अपने मतलब साध लिए। यह संदेश देने की कोशिश की कि अमेरिकी राष्ट्रपति के वो खास हैं। जबकि दूसरी तरफ पाक अधिकृत कश्मीर में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। लेकिन दुनिया के अधिकांश देश वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर खामोश हैं। जानकारों का कहना है कि भारत को अब अपनी पश्चिम एशिया नीति पर बदले हालात में पुनर्विचार करना चाहिए। क्योंकि हाल के समय जो घटनाक्रम हुए हैं, जैसे कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले पर चुप्पी बनाए रखना, ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर चार दिनों के बाद चुप्पी तोड़ना या फिर कई एक्सपर्ट्स ने मध्यस्थता की कोशिश से भी दूर रहना और भारतीय जहाजों पर अमेरिकी हमलों में तीन नाविकों की मौत के मामले में भी सख्त रवैया न अपनाने पर कई सवाल उठ रहे हैं।

# सवालों के घेरे में चुनावी प्रक्रिया की साख

**हाल ही में पश्चिम बंगाल में एक सरकारी भवन में आग लगने से हजारों इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के नष्ट होने की घटना ने देश की चुनावी व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यद्यपि प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार ये मशीनें मतदान में प्रयुक्त हो चुकी थीं अथवा भंडारण में रखी गई थीं, फिर भी घटना ने राजनीतिक दलों, मतदाताओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच अविश्वास की एक नई बहस को जन्म दे दिया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब देश में चुनावी पारदर्शिता, ईवीएम की विश्वसनीयता, मतदाता सूचियों की शुद्धता और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे मुद्दे पहले से ही राजनीतिक विमर्श के केंद्र में हैं।**

**नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'**

लोकतंत्र केवल मतदान की प्रक्रिया का नाम नहीं है, बल्कि नागरिकों के उस विश्वास का भी नाम है कि उनकी इच्छा सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से शासन व्यवस्था तक पहुंचेगी। जब चुनावी संसाधनों की सुरक्षा में कोई चूक दिखाई देती है, तब यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं रह जाती, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर प्रश्नचिह्न बन जाती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की संप्रभुता की अभिव्यक्ति हैं। करोड़ों मतदाताओं वाले इस विशाल देश में चुनाव कराना एक अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसी चुनौती का समाधान खोजते हुए भारत ने ईवीएम को अपनाया। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को सरल, तेज और निष्पक्ष बनाना था। मतपत्रों के युग में बूथ कैप्चरिंग, मतपत्रों की लूट, फर्जी मतदान और मतगणना में लंबा समय जैसी अनेक समस्याएं थीं। ईवीएम ने इन चुनौतियों को काफी हद तक कम किया और चुनावी प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाया। आज भारत की चुनाव प्रणाली दुनिया के अनेक देशों के लिए अध्ययन और अनुकरण का विषय है। इसके बावजूद ईवीएम को लेकर संदेह और विवाद कभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए। विभिन्न राजनीतिक दल समय-समय पर ईवीएम की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाते रहे हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि जब कोई दल चुनाव जीतता है तो वह ईवीएम की विश्वसनीयता की प्रशंसा करता है, जबकि हार की स्थिति में उसी प्रणाली पर प्रश्न खड़े करने लगता है। हालांकि यह भी सच है कि लोकतंत्र में संदेह उठाना किसी भी नागरिक या राजनीतिक दल का अधिकार है। प्रश्न उठाना लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा है, लेकिन उन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देना संस्थाओं की जिम्मेदारी है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब संदेहों का निराकरण करने के बजाय उन्हें अनदेखा किया जाता है या अस्पष्टता बनी रहती है। पश्चिम बंगाल में ईवीएम जलने की घटना इसी संदर्भ में अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि हजारों मशीनें एक ही स्थान पर रखी गई थीं, तो उनकी सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत थी? यदि वे उच्च सुरक्षा क्षेत्र में थीं, तो आग



वहां तक कैसे पहुंची? क्या आग केवल दुर्घटना थी या सुरक्षा मानकों में कोई गंभीर चूक हुई? इन प्रश्नों का उत्तर केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि संस्थागत जवाबदेही के दृष्टिकोण से भी आवश्यक है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता केवल उनकी निष्पक्षता से नहीं, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली की पारदर्शिता से भी निर्मित होती है। यहां यह समझना आवश्यक है कि ईवीएम का विवाद केवल तकनीकी नहीं है, बल्कि मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक भी है। चुनावों में हार-जीत के साथ भावनाएं, अपेक्षाएं और राजनीतिक हित जुड़े होते हैं। यदि मतदाता या राजनीतिक दल यह महसूस करने लगें कि चुनावी प्रक्रिया पर उनका नियंत्रण नहीं है या प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है, तो लोकतंत्र के प्रति उनका विश्वास कमजोर होने लगता है। इसलिए चुनाव आयोग और अन्य संबंधित संस्थाओं के लिए केवल निष्पक्ष होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निष्पक्ष दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक है।

ईवीएम के समर्थन में अनेक तर्क दिए जाते हैं। भारत का सर्वोच्च न्यायालय और चुनाव आयोग कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि वर्तमान ईवीएम इंटरनेट या किसी नेटवर्क से जुड़ी नहीं होतीं, इसलिए दूरस्थ हैकिंग की संभावना लगभग नहीं के बराबर है। इसके अतिरिक्त वीवीपैट प्रणाली लागू होने के बाद मतदाता अपने वोट की पुष्टि भी कर सकता है। विभिन्न चुनावों में वीवीपैट पर्चियों और ईवीएम परिणामों के मिलान में भी बड़े स्तर पर कोई गंभीर विसंगति सामने नहीं आई है। इन तथ्यों के आधार पर चुनाव आयोग लगातार यह दावा करता रहा है कि ईवीएम सुरक्षित और विश्वसनीय हैं। दूसरी ओर आलोचकों का तर्क है कि केवल तकनीकी सुरक्षा पर्याप्त नहीं होती। मशीनों के भंडारण, परिवहन, रखरखाव और निगरानी की प्रक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक होती है, यदि स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी पर प्रश्न उठते हैं, यदि मतदाता सूची में त्रुटियां दिखाई देती हैं या यदि चुनावी प्रक्रिया के किसी चरण में पारदर्शिता की कमी महसूस होती है, तो संदेह स्वाभाविक रूप से बढ़ते हैं। पश्चिम बंगाल की घटना ने इसी चिंता को पुनर्जीवित किया है कि चुनावी संसाधनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकती है।

इस मुद्दे का एक महत्वपूर्ण आयाम चुनाव आयोग की भूमिका भी है। भारतीय चुनाव आयोग को संविधान ने एक स्वतंत्र और शक्तिशाली संस्था के रूप में स्थापित किया है। उसकी निष्पक्षता पर ही चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता टिकी हुई है। जब भी चुनावों को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होता है, तब सबसे पहले जनता की नजर चुनाव आयोग पर जाती है। ऐसी स्थिति में आयोग का दायित्व केवल जांच करवाना नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना भी है। पारदर्शी जांच, समयबद्ध रिपोर्ट और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि किसी प्रकार की अफवाह या राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को तथ्यात्मक आधार पर परखा जा सके। लोकतंत्र में विश्वास की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की शक्ति उसकी सेना, अर्थव्यवस्था या तकनीक में नहीं, बल्कि नागरिकों के विश्वास में निहित होती है। यदि मतदाता यह मानने लगें कि उनका वोट सुरक्षित नहीं है या चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं है, तो लोकतंत्र का नैतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इतिहास गवाह है कि अनेक देशों में चुनावी संस्थाओं पर अविश्वास ने राजनीतिक अस्थिरता, सामाजिक तनाव और लोकतांत्रिक संकट को जन्म दिया है। इसलिए चुनावी प्रक्रिया के हर चरण में विश्वास बनाए रखना राष्ट्रीय आवश्यकता है।

समकालीन समय में सोशल मीडिया ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। किसी भी घटना के तुरंत बाद अपुष्ट सूचनाएं, अफवाहें और राजनीतिक दावे तेजी से फैलने लगते हैं। ईवीएम जलने जैसी घटनाएं सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार के दावों और प्रतिदावों का विषय बन जाती हैं। ऐसे वातावरण में तथ्य और कल्पना के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। इसलिए प्रशासन और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे त्वरित, सटीक और विश्वसनीय जानकारी जनता के सामने रखें। इस पूरे विवाद का एक व्यापक राजनीतिक आयाम भी है। लोकतंत्र में विपक्ष का कार्य सरकार और संस्थाओं से प्रश्न पूछना है। यदि विपक्ष चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, तो उसे लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर आरोप लगाने वालों की भी जिम्मेदारी है कि वे तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर अपनी बात रखें। निराधार आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करते हैं, जबकि प्रमाण आधारित आलोचना उन्हें अधिक उत्तरदायी और मजबूत बनाती है।

चुनावी संसाधनों के भंडारण और सुरक्षा के लिए और अधिक कठोर मानक विकसित किए जाने चाहिए। स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी में आधुनिक तकनीक का उपयोग, स्वतंत्र ऑडिट, सार्वजनिक रिपोर्टिंग और राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए। वीवीपैट मिलान की प्रक्रिया को और अधिक व्यापक तथा पारदर्शी बनाया जा सकता है। साथ ही चुनाव आयोग को जनसंचार के माध्यमों का बेहतर उपयोग करते हुए चुनावी प्रक्रिया से जुड़े भ्रमों और संदेहों का समय-समय पर समाधान करना चाहिए। पश्चिम बंगाल में ईवीएम जलने की घटना केवल एक प्रशासनिक दुर्घटना नहीं है, यह लोकतंत्र के उस मूल प्रश्न को सामने लाती है कि नागरिकों का विश्वास कैसे सुरक्षित रखा जाए।

अध्यात्म

## जीवन में बड़े लक्ष्य पाने के लिए स्वयं को उस लक्ष्य के योग्य बनाना चाहिए

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक आश्रम में एक संत अपने शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु अपने ज्ञान की वजह से दूर-दूर तक प्रसिद्ध थे। सभी शिष्य उनका बहुत सम्मान करते थे और उनकी हर बात को ध्यान से सुनते थे। आश्रम में अनुशासन था। एक दिन आश्रम में एक नया शिष्य आया। उसने देखा कि सभी लोग गुरु का आदर करते हैं। जहां भी गुरु जाते, शिष्य उनके पीछे चलते और उनकी बातों को जीवन में उतारने का प्रयास करते। यह देखकर नए शिष्य के मन में भी ऐसा सम्मान पाने की इच्छा जाग उठी।

कुछ दिनों बाद वह गुरु के पास गया और बोला, 'गुरुदेव, मैं भी आपकी तरह महान गुरु बनना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे भी अनेक शिष्य हों और लोग मुझे भी उतना ही सम्मान दें जितना आपको देते हैं।'

गुरु मुस्कुराए और बोले, 'पुत्र, यह लक्ष्य अच्छा है, लेकिन इसके लिए तुम्हें वर्षों तक अध्ययन करना होगा, अनुभव प्राप्त करना होगा, धैर्य रखना होगा और निरंतर मेहनत करनी होगी। तभी तुम इस योग्य बन पाओगे कि दूसरों का मार्गदर्शन कर सको।' शिष्य ने अधीरता से पूछा, 'लेकिन गुरुदेव, मैं अभी से गुरु क्यों नहीं बन सकता? मैं आज से ही लोगों को ज्ञान देना शुरू कर सकता हूं।' गुरु ने कोई सीधा उत्तर नहीं दिया। उन्होंने शिष्य को अपने सामने खड़े होने के लिए कहा। फिर स्वयं एक ऊंचे तख्त पर चढ़ गए और बोले, 'मुझे इस तख्त से भी ऊपर पहुंचा दो।'

शिष्य आश्चर्यचकित होकर बोला, 'गुरुदेव, मैं तो स्वयं नीचे खड़ा हूं। मैं आपको ऊपर कैसे पहुंचा सकता हूं? इसके लिए तो मुझे भी पहले ऊपर आना होगा।' गुरु हंस पड़े और बोले, 'यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। जो व्यक्ति स्वयं ऊंचाई पर नहीं पहुंचा, वह दूसरों को ऊंचाई तक नहीं पहुंचा सकता। यदि तुम्हें लोगों का मार्गदर्शन करना है, तो पहले स्वयं को योग्य बनाना होगा। ज्ञान, अनुभव, समझ और चरित्र की ऊंचाई हासिल करनी होगी। तभी लोग तुम्हारी बातों पर विश्वास करेंगे।' गुरु की बात सुनकर शिष्य को अपनी गलती समझ आ गई। उसने निश्चय किया कि वह जल्दबाजी छोड़कर पहले स्वयं को बेहतर बनाएगा। उस दिन उसे सफलता का सबसे महत्वपूर्ण रहस्य समझ में आ गया, लक्ष्य पाने से पहले खुद को उसके योग्य बनाना जरूरी है।

# वेतन से आगे: विकसित भारत के लिए कुशल कार्यबल की तैयारी

**रवि को मिली यह धनराशि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के 'भाग' के तहत मिली पहली किस्त है। इस योजना को केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री के रोज़गार और कौशल पैकेज के हिस्से के तौर पर शुरू किया गया था। इस प्रावधान के तहत, ईपीएफओ में पंजीकृत कंपनियों में पहली बार नौकरी पाने वाले ऐसे कर्मचारी, जिनकी मासिक कमाई 1 लाख रुपये से कम है, उन्हें 15,000 रुपये तक का नकद प्रोत्साहन मिलता है। यह रकम दो किस्तों में दी जाती है: पहली किस्त लगातार छह महीने की नौकरी के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने के बाद।**



**डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम**

कोयंबटूर में काम करने वाले युवा रवि को, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई में अपनी पहली औपचारिक नौकरी के छह महीने पूरे कर चुके हैं और हाल ही में अपनी मासिक तनख्वाह के अलावा उन्हें बैंक खाते में 7,500 रुपये मिले। लगातार छह महीने की नौकरी पूरी होने के बाद यह रकम अपने आप जारी कर दी गई। इससे पहले उनका परिवार सिर्फ़ अनौपचारिक काम करता था, जिसमें कोई अनुबंध, भविष्य निधि में योगदान या नौकरी का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं होता था। यह पहला मौका था, जब उनकी नौकरी को आधिकारिक तौर पर दर्ज किया गया और उन्हें इस तरह का लाभ मिला।

रवि को मिली यह धनराशि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के 'भाग' के तहत मिली पहली किस्त है। इस योजना को केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री के रोज़गार और कौशल पैकेज के हिस्से के तौर पर शुरू किया गया था। इस प्रावधान के तहत, ईपीएफओ में पंजीकृत कंपनियों में पहली बार नौकरी पाने वाले ऐसे कर्मचारी, जिनकी मासिक कमाई 1 लाख रुपये से कम है, उन्हें 15,000 रुपये तक का नकद प्रोत्साहन मिलता है। यह रकम दो किस्तों में दी जाती है: पहली किस्त लगातार छह महीने की नौकरी के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने के बाद। इसके लिए शर्त यह है कि कर्मचारी को ईपीएफओ पोर्टल के ज़रिए वित्तीय साक्षरता का कोर्स पूरा करना होगा और यह राशि बचत के एक साधन में जमा की जाएगी, ताकि कर्मचारी को एक आर्थिक सुरक्षा मिल सके। रवि के लिए, ये छह महीने सिर्फ़ योग्यता हासिल करने का समय नहीं थे। ये वो वक्त था, जिसमें उन्होंने अपने काम की जगह को समझा, अपने काम से जुड़ी बुनियादी कौशल और योग्यता सीखी और अपने लिए रोज़गार का एक रिकॉर्ड बनाना शुरू किया, जो पहले कभी नहीं था।

यह समय उनके नियोक्ता के लिए भी अहम था, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई थी और उसने अपने विस्तार के तहत रवि को काम पर रखा था। पीएम-वीबीआरवाई के भाग क्रमें प्रावधान है कि जो नियोक्ता अपनी मौजूदा बेसलाइन से ज़्यादा रोज़गार पैदा करते हैं, उन्हें हर अतिरिक्त कर्मचारी के लिए हर महीने 3,000 रुपये तक का सरकारी योगदान मिलता है। यह योगदान अलग-अलग क्षेत्रों में दो साल तक और विनिर्माण क्षेत्र में चार साल तक मिलता है। यह योगदान उस शुरुआती लागत का कुछ हिस्सा कवर करता है, जो किसी कंपनी को नए कर्मचारी को रखने पर उठानी पड़ती है, खासकर तब जब ऑनबोर्डिंग और प्रशिक्षण चल रहा होता है और बिना किसी पिछले औपचारिक अनुभव वाला कर्मचारी, धीरे-धीरे कंपनी के लिए लाभप्रद हो रहा होता है। इस शुरुआती लागत को कम करके यह प्रावधान, योजना का दायरा रवि जैसे लोगों को काम पर रखने वाले छोटे व्यवसायों तक बढ़ाता है। उसकी जैसी विनिर्माण इकाईयों के लिए, चार साल की अवधि, जो सामान्य अवधि से दोगुनी है, कंपनियों को ऑटोमेशन में निवेश के साथ-साथ अपने कार्यबल का विस्तार करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

भारत की जनसांख्यिकीय व्यवस्था को देखते हुए, युवा और बढ़ता कार्यबल 2047 तक 'विकसित भारत' की ओर बढ़ने के लिए रोज़गार-आधारित विकास के ज़रिए आर्थिक विकास को रफ्तार देने का एक मौका देता है। कार्यबल में शामिल होने वाले नए लोग किस सीमा तक औपचारिक रोज़गार में आते हैं, जहाँ उन्हें सामाजिक सुरक्षा और संस्थागत सुरक्षा मिलती है, यह इस बात पर भी असर डालेगा कि परिवारों और समुदायों में विकास का लाभ कैसे मिलता है। पीएम-वीबीआरवाई का मकसद 'स्वतंत्र भारत' से 'समृद्ध भारत' तक के सफ़र को मज़बूत करना है और दो साल में 3.5 करोड़ से ज़्यादा औपचारिक नौकरियाँ पैदा करने के लिए प्रोत्साहन देना है।

इस योजना की शुरूआत से, 60 लाख नए कर्मचारी औपचारिक कार्यबल का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें से 43.26 लाख (लगभग 71%) 18 से 30 साल की उम्र के हैं और 18.04 लाख (लगभग 30%) महिलाएं हैं, जो पहली बार औपचारिक रोज़गार से जुड़ी हैं। ये कर्मचारी विशेष सेवाओं, इंजीनियरिंग, व्यापार, विनिर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, वस्त्र और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं, जो दिखाता है कि कई तरह के औपचारिक संस्थानों में इसे अपनाया गया है।

सिर्फ़ प्रोत्साहन राशि के अलावा, पीएम-वीबीआरवाई से रवि को एक ईपीएफओ खाता और एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर मिला है। इससे वह एक ऐसी व्यवस्था का हिस्सा बन गए हैं, जो भविष्य निधि योगदान, बीमा सुरक्षा और कानूनी रोज़गार लाभ भी देता है। उनके जैसे पहली बार औपचारिक रोज़गार पाने वाले कई लोगों के लिए, यह सामाजिक सुरक्षा कवरेज और एक व्यवस्थित रोज़गार से जुड़ने का एक बेहतर मौका है। लगातार छह महीने तक नौकरी करने की शर्त का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इस योजना के तहत बनी नौकरियां असल करियर की नींव बनें। लंबे समय तक औपचारिक रोज़गार से कई क्षेत्रों में नौकरियों में काम आने वाला कौशल विकसित होता हैं, पेशेवर तौर-तरीके सीखने को मिलते हैं और भविष्य में नौकरी पाने की क्षमता भी मज़बूत होती है। इससे मिलने वाले फ़ायदे योजना के तहत मिलने वाली मदद की अवधि के बाद भी बने रहते हैं।

रोज़गार के मौके पैदा करना एक अहम नीतिगत लक्ष्य है। उतना ही ज़रूरी यह सुनिश्चित करना भी है कि रवि जैसे कर्मचारी औपचारिक अर्थव्यवस्था में अपनी जगह बनाए रख सकें, जहाँ रोज़गार के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा कवरेज और संस्थागत सुरक्षा भी मिलती है। जैसे-जैसे ज़्यादा युवा कर्मचारी औपचारिक नौकरियों में छह महीने, एक साल और उससे ज़्यादा समय बिताते हैं, कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आता है और छोटे संस्थान भी औपचारिक तरीके से लोगों को काम पर रखने की प्रक्रिया अपनाते हैं। इस योजना के तहत 3.5 करोड़ से ज़्यादा नौकरियां मिलने का अनुमान है और औपचारिक अर्थव्यवस्था का यह धीरे-धीरे बढ़ता दायरा ही वह बदलाव है, जिसे तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए पीएम-वीबीआरवाई को लाया गया है।

**(लेखक नीति आयोग के सदस्य हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिन्ता हो सकती है। नयी नौकरी मिलने की सम्भावना है। विवादित मामलों का समाधान मिलेगा।

**वृषभ**
आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। धन की समस्या हल हो सकती है।

**मिथुन**
आज किसी को उधार धन न दें। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में परेशानी होगी। क्रोध के कारण आपके सम्बन्ध प्रभावित होंगे।

**कर्क**
परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुये बड़ा काम शुरू कर सकते हैं।

**सिंह**
आज आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आपको किसी कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। भाई-बहन को लेकर परेशानियाँ दूर होंगी।

**कन्या**
आज आप कुछ छोटी गलतियाँ कर सकते हैं, लेकिन उनका परिणाम आपको परेशान कर सकता है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**तुला**
कारोबार में नये तरीकों के प्रयोग से बचें। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको नये मित्र मिल सकते हैं। आपके विरोधी भी आपका सम्मान करेंगे।

**वृश्चिक**
आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम के समय थकान और सिरदर्द का अनुभव कर सकते हैं।

**धनु**
आज अधिकारी वर्ग से अधिक बहस न करें। मेडिकल विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा।

**मकर**
आपके सामने अचानक परेशानियाँ खड़ी हो सकती हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। एलर्जी और गर्मी को लेकर परेशानी होगी। आय को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**कुंभ**
आज माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिये।

**मीन**
किसी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। आज धन उधार न दें, वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### गौतम कुमार बने नए कारा उपाधीक्षक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी उपकारा के सहायक अधीक्षक गौतम कुमार को प्रमोशन देकर उपाधीक्षक बना दिया गया है। कारा विभाग ने उनके बेहतर परफॉर्मेंस को देखते हुए यह निर्णय लिया है। अब वे उपाधीक्षक के पद पर सेवाएं देंगे। गौरतलब है कि गौतम कुमार ने 25 अगस्त 2025 को मसौढ़ी उपकारा में सहायक अधीक्षक के पद पर ज्वाइन किया था। महज कुछ महीनों में ही अपने काम से उन्होंने विभाग का भरोसा जीत लिया। कारा विभाग ने उनके कार्यों का आकलन कर उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति दे दी। पदभार ग्रहण करने के बाद नए उपाधीक्षक गौतम कुमार ने कहा, "मेरा प्रयास रहेगा कि जेल मैनुअल के हिसाब से जेल के अंदर और बाहर के सभी प्रशासनिक कार्य बेहतर ढंग से सुचारू रूप से चलें। उन्होंने बताया कि जेल की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही बंदियों की हर समस्या को देखते हुए काम किया जाएगा। मुलाकाती समय सारणी और अन्य सभी प्रशासनिक कार्यों को बेहतर ढंग से चलाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। कारा विभाग के इस फैसले से जेल प्रशासन में और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।



### जानलेवा हमला मामले में दो आरोपित महिला गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन पुलिस ने घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई की है। बुधवार सुबह सबलपुर गांव में छापेमारी कर पुलिस ने दो नामजद आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार महिलाओं की पहचान जोराती देवी, पति स्व. रामदेव प्रसाद और पूजा देवी, पति गुड्डू राय, दोनों निवासी सबलपुर के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि 2 जून 2026 को सबलपुर गांव में यह घटना हुई थी। पीड़िता प्रियंका कुमारी, पति स्व. रमेश कुमार ने पुनपुन थाने में आवेदन दिया था। आरोप था कि तीन लोगों ने घर में घुसकर उन्हें बाल पकड़कर घसीटा और लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई की। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने तत्काल नामजद प्राथमिकी दर्ज की। मामले में कुल तीन लोगों को आरोपी बनाया गया था। बुधवार को फरार चल रहे नामजद आरोपियों के घर पर छापेमारी की गई, जहां से दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि इस केस में एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार दोनों महिलाओं से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नरगद्दा हाई स्कूल में आयोजित 'प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर' में रही रौनक कम

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' संकल्प के तहत बुधवार को नरगद्दा हाई स्कूल में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और आवेदन, निबंधन, सत्यापन व ी-ङउ जैसी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। हालांकि, भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण शिविर में लोगों की उपस्थिति अपेक्षा से काफी कम रही। धूप की तपिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है।जिसका असर शिविर में उमड़ने वाली भीड़ पर भी स्पष्ट दिखा। कम भीड़ के बावजूद, शिविर में अंचला अधिकारी (उड) चंदन कुमार, प्रखंड कृषि प्राधिकारी उपेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी पूरी तत्परता के साथ मौजूद रहे और अपनी सेवाएं दीं।



### मसौढ़ी पीएचसी में दांत के डॉक्टर तो हैं, पर कुर्सी-उपकरण नहीं; मरीज लौट रहे बैरंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वास्थ्य में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो मगर जमीनी हकीकत को आइना दिखा रहा है मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहाँ पिछले पांच वर्षो से दांत के डॉक्टर तो तैनात हैं, लेकिन जरूरी संसाधनों के अभाव में मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। डेंटल चेयर नहीं है, एक्स-रे मशीन नहीं है और दांत उखाड़ने-भरने के बुनियादी उपकरण भी नाकाफी हैं। ऐसे में दांत दर्द से कराहते मरीज सरकारी अस्पताल से लौटकर निजी क्लीनिक का रुख करने को मजबूर हैं।पीएचसी में पदस्थापित दंत चिकित्सक का कहना है कि मरीज रोज आते हैं, लेकिन डेंटल यूनिट में जरूरी मशीनें और सामग्री नहीं होने से रूट कैनाल, फिलिंग, स्केलिंग जैसे इलाज नहीं हो पाते। सिर्फ दवा लिखकर मरीजों को लौटाना पड़ता है। गंभीर केस में मरीजों को पटना रेफर करना पड़ता है।स्थानीय मरीजों ने बताया कि गरीब तबके के लोग महंगा इलाज नहीं करा सकते। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर होने की खबर सुनकर आते हैं, पर यहां इलाज न होने से निराश होकर लौटना पड़ता है। दांत का दर्द असहनीय होता है, ऊपर से निजी क्लीनिक का खर्च उठाना मुश्किल है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन से पीएचसी में डेंटल चेयर, एक्स-रे यूनिट, ऑटोक्लेव और अन्य जरूरी उपकरण जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है। अगर संसाधन मिल जाएं तो रोज दर्जनों मरीजों को राहत मिल सकती है। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि संसाधनों की कमी को लेकर वरीय अधिकारियों को लिखा गया है। जल्द ही डेंटल यूनिट को पूरी तरह चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मोकामा में भव्य तिरुपति मंदिर निर्माण को लेकर तेज हुई हलचल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा में प्रस्तावित भव्य तिरुपति मंदिर के निर्माण को लेकर गतिविधियां अब रफ्तार पकड़ चुकी हैं। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया और बाला तिरुपति ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बाबा परशुराम सेवा समिति के सदस्यों के साथ औपचारिक बैठक की।मंदिर निर्माण से जुड़े विभिन्न तकनीकी, प्रशासनिक और धार्मिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।अधिकारियों ने निर्माण स्थल का जायजा लिया और समिति सदस्यों से फीडबैक लिया।बाबा परशुराम सेवा समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मान स्वरूप बाबा परशुराम की तस्वीर अंकित मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया।इस अहम बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार, बाबा परशुराम सेवा समिति के सदस्य संजय कुमार,मुकेश कुमार,रौशन कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।स्थानीय लोगों और समिति सदस्यों को उम्मीद है कि यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं बनेगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा देगा। मोकामा की पहचान देश के धार्मिक नक्शे पर मजबूत होने की संभावना है।

### चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल भारत के उपराष्ट्रपति से मिला

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल के नेतृत्व में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से नई दिल्ली स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मिला।चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने बताया कि माननीय उपराष्ट्रपति ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बिहार के उद्योग एवं व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राज्य में हो रहे औद्योगिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिहार के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को और गति प्रदान करने के लिए हरसंभव सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर चैम्बर की ओर से उपराष्ट्रपति महोदय को



चैम्बर के शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। माननीय उपराष्ट्रपति ने चैम्बर के आमंत्रण का स्वागत करते हुए शीघ्र ही अपनी सहमति प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से भी नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिला। इस दौरान जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान तथा जल संसाधन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर के उपाध्यक्ष एन. के. ठाकुर एवं विशाल टेकरीवाल, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी तथा कार्यकारिणी सदस्य सुमित कुमार शामिल थे।

# प्रचार-प्रसार के अभाव में फीका पड़ा जनकल्याण शिविर, लाभार्थियों की कम भागीदारी

**लालगंज सेहरा उच्च विद्यालय में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर में अपेक्षा से कम जुटी भीड़**



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' संकल्प के तहत बुधवार को पालीगंज प्रखंड के लालगंज सेहरा उच्च विद्यालय परिसर में प्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आवेदन, निबंधन, सत्यापन और ई-केवाईसी जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। हालांकि, समुचित प्रचार-प्रसार के अभाव में शिविर में लाभार्थियों की उपस्थिति अपेक्षा से काफी कम रही। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें शिविर के आयोजन की पूर्व जानकारी नहीं थी। कई लोग विद्यालय परिसर में लगी भीड़ को देखकर ही वहां पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि यदि पंचायत और गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया होता तो अधिक संख्या में लोग शिविर का लाभ उठाने पहुंचते। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार ने शिविर की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिविर का आयोजन व्यवस्थित ढंग से नहीं किया गया और यह केवल खानापूर्ति बनकर रह गया। वहीं मसौढ़ी कला गांव निवासी नवल किशोर तथा लालगंज सेहरा निवासी गोपाल प्रसाद ने कहा कि सरकार लोगों को कार्यालयों के चक्कर से राहत देने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित कर रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण आम लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं मिल सकी। ग्रामीणों का आरोप था कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण शिविर का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की कम संख्या इस बात का प्रमाण है कि कार्यक्रम की पर्याप्त जानकारी लोगों तक नहीं पहुंचाई गई। इस संबंध में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुशील कुमार से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप का असर भी शिविर में उमड़ने वाली भीड़ पर साफ दिखाई दिया। इसके बावजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी शिविर में मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनते रहे। शिविर में डीसीएलआर जनक कुमार, अंचलाधिकारी महेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, बिजली विभाग के कनीय अभियंता रंजीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग, जन वितरण प्रणाली, जीविका एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान संतु कुमार ने गांव की गलियों में बनी नालियों की सफाई संबंधी आवेदन दिया, जबकि नवल किशोर ने बिजली ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। शिविर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 10 आवेदन, आवास योजना का 1 आवेदन तथा भूमि संबंधी 6 आवेदन प्राप्त हुए। कम भीड़ के बावजूद अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसे शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार और बेहतर प्रबंधन की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## वारंटी पकड़ो अभियान के तहत 24 घंटे में तीन महिला समेत 10 वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटियों की धर-पकड़ के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत मसौढ़ी अनुमंडल की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार देर रात से बुधवार सुबह तक विभिन्न थानों की पुलिस ने छापेमारी कर तीन महिला समेत कुल 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।भगवानगंज थाने की पुलिस ने आपसी विवाद में मारपीट और मद्य निषेध के मामलों में फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में उमेश यादव, पिता बृजनंदन सिंह, निवासी सुखमल चक; सुनील यादव, पिता सुदेय यादव और रविंद्र यादव, पिता चांद यादव, दोनों निवासी ढालकोचक; राजू चौधरी, पिता दुखन चौधरी और चंदन कुमार, पिता भुनेश्वर दास, दोनों निवासी भगवानगंज शामिल हैं।धनरूआ थाने की पुलिस ने हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में फरार दो आरोपियों को नसरतपुर से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान निरंजन प्रसाद, पिता मग्नू प्रसाद और आर्यन प्रसाद उर्फ अर्जुन प्रसाद, पिता फोनू यादव के रूप में हुई है।पुनपुन थाने की पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रही दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिलाओं में जुराती देवी, पति स्व. रामदेव प्रसाद और पूजा देवी, पति गुड्डू राय, दोनों निवासी सबलपुर शामिल हैं। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर 'वारंटी पकड़ो अभियान' लगातार चलाया जा रहा है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की सूची तैयार कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## दुष्कर्म का प्रयास मामले का आरोपी धनेश यादव गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महुआ बिगहा गांव में 3 साल पुराने मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घर में घुसकर महिला पर लोहे के रॉड से जानलेवा हमला करने, दुष्कर्म का प्रयास करने और मंगलसूत्र छीनने के मामले में फरार चल रहे आरोपी धनेश यादव को पुलिस ने मंगलवार शाम गिरफ्तार कर लिया। यह घटना 4 मार्च 2023 की है। पीड़ित राकेश यादव, पिता जितन यादव, ग्राम महुआ बिगहा ने थाने में आवेदन दिया था। आवेदन के अनुसार, राकेश यादव खेत में काम कर रहे थे। उसी दौरान उनका पड़ोसी धनेश यादव, पिता जगदीश यादव शराब के नशे में लोहे का रॉड लेकर उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब राकेश की पत्नी ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर लोहे के रॉड से वार कर दिया। हमले में रबिता देवी का सिर फट गया और खून बहने लगा।

## खगौल में सहयोग शिविर का किया गया आयोजन

**समस्या को लेकर फरियादी पहुंचे समस्याओं का हुआ निदान**



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद खगौल में मंगलवार को जगत नारायण लाल कॉलेज में सरकार के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया नगर कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार के देखरेख में सहयोग शिविर आयोजित की गई। सहयोग शिविर में बिजली, पानी बाल विकास परियोजना, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, राशन, पीएम आवास, पुलिस प्रशासन सहित कई विभाग से जुड़े मामले को लेकर नगर के लोगों ने समस्याओं के बारे में अधिकारियों और कर्मियों को अवगत कराते हुए आवेदन दिया। नगर वासियों के समस्याओं को अधिकारियों और कर्मियों ने सुनते हुए हर संभव मदद और निष्पादन करने का भरोसा दिया। इस दौरान खगौल के वार्ड संख्या 23 के अजय कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, सीमा सिन्हा,पूनम देवी, , आनंद कुमार गांगुली, उर्फ पॉली, खगौल के सभी नगर वासी पहुंचे थे। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्ड संख्या के लिए सहयोग शिविर आयोजित की गई। जिससे नगर वासियों को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराने का मौका अधिकारियों और कर्मियों को मिल सके। वही दूसरी ओर नगर व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी मीनाक्षी कुमारी,खगौल नगर वासियों के अतिक्रमण की समस्याओं को अधिकारियों और कर्मियों ने सुनते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है। लोगों के समस्याओं का निष्पक्ष रूप से निदान किया जाएगा। ये शिविर माननीय मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार आयोजित की गई है। मौके पर नगर व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी मीनाक्षी कुमारी, स्वच्छता पदाधिकारी विजय प्रकाश, मुकेश कुमार मंडल,प्रधान लिपिक मनोज कुमार, लिपिक शैलेश कुमार, टैक्स कर्मचारी रवि रंजन कुमार, कौशलेंद्र कुमार, नवनीत कुमार, सत्यम कुमार, कृष्णा कुमार, चंदन कुमार,समेत कई नगर परिषद के कर्मी मौजूद रहे।

## मसौढ़ी के नूरा में प्रखंड स्तरीय सहयोग समाधान शिविरः ऑन स्पॉट जन्म प्रमाण पत्र समेत कई मामलों का हुआ निष्पादन





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सरकार अब पंचायत स्तर के साथ प्रखंड स्तरीय सहयोग समाधान शिविर भी लगा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को मसौढ़ी प्रखंड का समाधान शिविर नूरा हाई स्कूल में लगाया गया। शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में ऊछछफ कोमल किरण ने मौके पर ही तीन लाभुकों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर उन्हें त्वरित रूप से सौंप दिए। प्रमाण पत्र पाकर लाभुकों के चेहरे खिल उठे।शिविर के नोडल पदाधिकारी वरीय भूमि सुधार उप समाहर्ता कोमल किरण को बनाया गया था। मौके पर बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, पंचायती राज पदाधिकारी सीमा खातून समेत 19 विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। नोडल पदाधिकारी कोमल किरण ने कहा, 'सहयोग शिविर एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान होता है।' उन्होंने शिविर में ड्यूटी कर रहे सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी लाभुक की समस्या को कल के लिए न टालें, बल्कि उसी दिन ऑन द स्पॉट निपटारा करें। सरकार का मकसद है कि लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए ब्लॉक और अंचल कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। पेंशन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जमीन संबंधी मामले, आवास योजना जैसी समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाए। शिविर में भारी संख्या में पहुंची जनता ने सरकार की इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसे शिविरों से समय और पैसे दोनों की बचत होती है।

## मोकामा में रिश्तों का कत्लः बुजुर्ग मां की हत्या का आरोप बेटे-बहू पर, घर से मिला शव





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कन्हाईपुर गांव वार्ड नं 10 शिव मंदिर के समीप एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। मंगलवार को 70 वर्षीय कृष्णी देवी का शव उनके ही घर से बरामद हुआ। परिजनों और ग्रामीणों ने मृतका के इकलौते बेटे नवीन शर्मा, बहू रंजु देवी और समधिन पर गला घोंटकर हत्या करने का संगीन आरोप लगाया है।जानकारी के मुताबिक नवीन शर्मा मंगलवार को ही दिल्ली से गांव लौटा था। आरोप है कि घर पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही परिवार में विवाद हुआ।ग्रामीणों का दावा है कि बुजुर्ग की गला घोंटकर हत्या के बाद शव को रस्सी से छत के हुक में लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या लगे।स्थानीय लोगों के अनुसार कृष्णी देवी को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था और वे अक्सर दुर्व्यवहार की शिकायत करती थीं।घटना की सूचना पर मोकामा पुलिस ने शव कब्जे में लिया। मामले की गंभीरता देखते हुए बाढ़ एसडीपीओ राम कृष्णा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।पटना से एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिसने मौके से अहम साक्ष्य इकट्ठा किए।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के बेटे नवीन शर्मा, पुत्रवधू रंजु देवी, बेटे की सास और दो पोतों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत की असली वजह साफ होगी। घटना के बाद से गांव में आक्रोश और शोक का माहौल है।

## क्रैश बैरियर से टकराया ऑटो, उड़े परखच्चे; मसौढ़ी जेल का एसएपी जवान समेत 6 यात्री जख्मी





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया फोरलेन पर बुधवार को तेज रफ्तार ने फिर कहर बरपाया। पटना से मसौढ़ी जा रहा यात्रियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के क्रैश बैरियर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मसौढ़ी जेल के रअढ जवान समेत 7 यात्री और ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी दो यात्रियों को पहले अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। घायलों में मसौढ़ी जेल का रअढ जवान हरे राम सिंह भी शामिल है। वे कुछ दिनों की छुट्टी के बाद पटना से मसौढ़ी ड्यूटी ज्वाइन करने जा रहे थे। उन्हें पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण हड्डी अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरे गंभीर घायल आनंद कुमार का हाथ और पैर बुरी तरह जख्मी है। अधिकांश यात्रियों के हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेंपो पटना की ओर से तेज रफ्तार में मसौढ़ी आ रहा था। कैवडा ओपी क्षेत्र के पोठही गांव के पास अचानक सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के चक्कर में टेंपो अनबैलेंस हो गया। ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और टेंपो सीधे सड़क किनारे लगे लोहे के बैरियर से जा टकराया। हादसा इतना भयानक था कि ऑटो का एक-एक कलपुर्जा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टेंपो में सवार सभी यात्रियों के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। ड्राइवर की हालत भी नाजुक बताई जा रही है।

## मोकामा में उतरायण गंगा स्नान को लेकर सिमरिया निषाद घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सिमरिया निषाद घाट पर बुधवार को मलमास मेले के समापन के बाद उतरायण गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बिहार समेत आसपास के राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे।मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल के साथ-साथ गोताखोरों की तैनाती भी की गई है ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और वॉच टावर भी लगाए गए हैं।

## किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा, जमीन बचाने को लेकर दिया ज्ञापन



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को जमीन बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किसान नेता देवकुमार सिंह के नेतृत्व में किसानों एवं ग्रामीणों और विभिन्न राजनीतिक संगठनों के नेताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया. धरना में शामिल लोगों व किसानों ने आरोप लगया की सरकार किसानों की जमीन पर उनकी सहमति के बिना निर्णय ले रही है, जिससे ग्रामीणों और किसानों में व्यापक असंतोष है. धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि खेती-किसानी और जमीन ही ग्रामीण परिवारों के जीवन-यापन का मुख्य आधार है. किसानों की जमीन को पूंजीपतियों और निजी कंपनियों के हित में सौंपने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू की जा रही कुछ नीतियां किसानों और मजदूरों के हितों के विपरीत हैं, जिससे उनकी आजीविका और भविष्य पर संकट उत्पन्न हो रहा है. मोर्चा के नेताओं ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण और खरीद-बिक्री से जुड़े मामलों में किसानों की राय को नजरअंदाज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि उनकी पुश्तैनी जमीन उनके पूर्वजों की मेहनत और संघर्ष की पहचान है, जिसे किसी भी कीमत पर छीना नहीं जा सकता.

## वालंटियरशिप कार्यक्रम के तीसरे दिन महाविद्यालय में स्वास्थ्य चर्चा आयोजित

**मुख्य अतिथि के तौर पर हिलसा के चिकित्सक डॉ अनुज कुमार एवं प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने किया अध्यक्षीय संबोधन**



**दनियावां/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत अएउ-4 वालंटियरशिप कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को स्वास्थ्य और प्राकृतिक जीवनशैली पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्रों को दैनिक जीवन की सावधानियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हाथ को अच्छी तरह से सैनिटाइज करें।बाजार से लाई फल और सब्जियों को धोकर खाएं। बाजार का आम देखने में पीला और सुंदर रहता है जो अक्सर कार्बाइड से पका होता है।यह शरीर के लिए जहरीला और नुकसानदेह है। उसे न खाकर परिपक्व आम आसपास के लोकल बगीचों से खरीदें और सीरिस के पत्तों या अनाज के भूंसा में रखकर उसे पकाएं। हरी दूब पर नंगे पांव चलना और आंवला, नींबू का सेवन आंखों के लिए फायदेमंद है। डॉ. अनुज ने बताया कि आज भारत में 86 प्रतिशत लोग एनीमिया से पीड़ित हैं। इससे बचाव के लिए हरे साग-सब्जी और मौसमी फलों का सेवन जरूरी है। साल में दो बार कृमि नाशक दवा अल्बेंडाजोल जरूर लें। तेज लू में शरीर से सोडियम, पोटैशियम और क्लोराइड कम हो जाता है। इसके संतुलन के लिए आम का पन्ना, सत्तू व बेल का शर्बत और ओआरएस घोल का सेवन लाभकारी है। उन्होंने गर्मी में सभी को खूब पानी पीने के फायदे आमजन तक पहुंचाने की सामाजिक सेवा में आ रहे स्वयंसेवकों से अपील की। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने छात्रों को स्वस्थ जीवन का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि पैर की पिंडली मनुष्य के शरीर का दूसरा दिल है। रात में सोने से पहले उसकी मसाज जरूर करें। बचपन में मां का दूध और सरसों का तेल बच्चों का मुख्य आहार होता है। मां दादी मालिश करके बच्चों की नाड़ी को चार्ज कर देती हैं जिससे शरीर को पोषण मिलता है। नहाने से पहले शरीर की मसाज करें और खुरदुरे तौलिए से रगड़कर नर्वस सिस्टम को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि रात्रि में मोबाइल से दूरी बनाकर जल्द सोएं और ब्रह्ममुहूर्त में जागें। जीवन में कभी मायूस न हों, सदैव हंसते मुस्कुराते रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बच्चे निशुल्क सर्जरी के लिए अहमदाबाद रवाना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार की महत्वपूर्ण जीवनदायिनी मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत बाल हृदय रोगियों के 100वें बैच को निशुल्क शल्य चिकित्सा के लिए गुजरात के अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साईं अस्पताल भेजा जा रहा है। इस बैच में पूर्वी चंपारण जिले के दो बच्चे भी शामिल हैं। सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने मंगलवार की सुबह जिले के रक्सौल की शिवानी कुमारी और केसरिया के शुभम पाल को उनके परिजनों के साथ एम्बुलेंस से राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के लिए रवाना किया। दोनों बच्चों के साथ चिकित्सा पदाधिकारी, अरेराज डॉ. सरताज आलम को भी भेजा गया। सिविल सर्जन ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत पूर्वी चंपारण जिले के अब तक 172 बाल हृदय रोगियों की सफल सर्जरी कराई जा चुकी है। आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ. शशि मिश्रा ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय 100वें बैच में शामिल बिहार के 32 बाल हृदय रोगियों को पटना एयरपोर्ट के लिए रवाना करेंगे। इसके बाद बिहार सरकार अपने खर्च पर बच्चों और उनके परिजनों को हवाई मार्ग से अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साईं अस्पताल भेजेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में बच्चों की सर्जरी के साथ-साथ उनके रहने और भोजन की पूरी व्यवस्था का खर्च भी बिहार सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार, आरबीएसके जिला समन्वयक डॉ. शशि मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सरताज आलम, प्रमोद कुमार और जौवाद हुसैन उपस्थित थे।

### अनुपस्थित 16 कर्मियों से जवाब-तलब, मानदेय रोका

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर अंचल में आयोजित राजस्व महाअभियान के कार्य में अनुपस्थित रहने वाले 16 कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा उनका एक दिन का मानदेय स्थगित रखने का निर्देश दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, विभागीय निर्देश एवं जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में 14 जून 2026 को अंचल कार्यालय कल्याणपुर में राजस्व महाअभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में दो विशेष सर्वेक्षण अमीन तथा 14 पंचायत कार्यपालक सहायक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। अंचल अधिकारी कल्याणपुर ने अपनी प्रतिवेदन में कहा है कि संबंधित कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य संपादित नहीं हो सका, जिससे अभियान प्रभावित हुआ। प्रतिवेदन के आधार पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनका एक दिन का मानदेय स्थगित रखने का निर्देश दिया है। जिन कर्मियों पर कार्रवाई की गई है उनमें सर्वेक्षण अमीन विकास कुमार और विक्की कुमार के अलावा पंचायत कार्यपालक सहायक मो. सज्जद अंसारी, सुमित कुमार, अमित कुमार राम, दीक्षा भारती, राहुल कुमार, ओमप्रकाश, रविरंजन कुमार, दीपक कुमार, अमृत राज, गुड्डु कुमार साह, सौरभ कुमार, दुखहरण पासवान, जितेंद्र कुमार तथा रेहान आलम शामिल हैं।

### महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के पलनवा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मसनाडीह रेलवे स्टेशन के समीप स्थित एक पोखरा के पास से मिला है। प्रथम दृष्टया महिला की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने मसनाडीह स्टेशन के बगल में स्थित पोखरा के पास एक महिला का शव पड़े होने की सूचना पलनवा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाचार प्रेषण तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। साथ ही पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर लापता महिलाओं के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। पलनवा थाना पुलिस ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जन कल्याण शिविर में पहुंचे विधायक प्रमोद कुमार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखण्ड सभागार में आज दुसरे दिन जन कल्याण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें प्रखंड से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी गई इस अवसर पर रक्सौल विधानसभा के विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने पहुंच कर लोगों का मनोबल बढ़ाया,सभी विभागों के काउंटर लगाए गए थे जिसमें अधिकांश समस्याएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन थे,इस शिविर में पहुंचे लोगों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके आवेदन पर विचार करना,अहम क ई



सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविर का आयोजन हुआ जो 16 तारीख से 18 जून तक चलेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार ने बताया कि इस शिविर में बिरधा पेंशन, विकलांग पेंशन, बिजली समस्या , प्रधानमंत्री आवास योजना,पीएम सूर्य घर योजना, जैसी सभी योजनाओं का निराकरण इस शिविर के माध्यम से की जाएगी, उपस्थित आगंतुकों में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बीइओ, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल, ताराचंद पटेल, मुकेश कुमार पटेल, वैदेही भूषण सिंह,झूनू सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, उपस्थित थे।

### पैक्स चुनाव में 55.6 प्रतिशत मतदान

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के मीरपुर, कपूरपकड़ी एवं दीपही धरहरवा पैक्स में बुधवार को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में मतदान संपन्न हो गया। तीनों पैक्सों में कुल 55.6 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक चला। चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा किसी भी मतदान केंद्र से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रही और मतदान प्रक्रिया निर्धारित समय पर संपन्न कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरपुर पैक्स में 59 प्रतिशत, कपूरपकड़ी पैक्स में 55.71 प्रतिशत तथा दीपही धरहरवा पैक्स में 52.9 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मीरपुर एवं कपूरपकड़ी पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए दो-दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जबकि दीपही धरहरवा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रही मोदी सरकार : राधा मोहन सिंह

## 12 वर्षों की उपलब्धियों पर महात्मा गांधी ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने बुधवार को महात्मा गांधी ऑडिटोरियम में मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया गया है। किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। आधारभूत संरचना, सड़क, रेल, हवाई अड्डों, डिजिटल सेवाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। सरकार की नीतियों के कारण देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, किसानों के उत्थान, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रकिशोर मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

# प्रगति पथ यात्रा कार्यक्रम के तहत सांसद ने विश्व स्तरीय निर्माणाधीन बापूधाम रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 225 करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण कार्य: राधामोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'प्रगति पथ यात्रा' कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने बुधवार की सुबह 9 बजे निर्माणाधीन विश्वस्तरीय बापूधाम रेलवे स्टेशन की निर्माण कार्य का निरक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 225 करोड़ रुपये की लागत से एक विश्वस्तरीय और आधुनिक स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट यात्रियों को हवाई अड्डे जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं देने और भविष्य की चुनौतियों जैसे अगले चार-पांच दशकों की संभावित जनसंख्या और यात्री दबाव को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है और जुलाई 2027 तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है। वर्ष 2014 तक रेलवे का आधुनिकीकरण एक सपना था। आज भारतीय रेलवे का लगभग 99.6 प्रतिशत से अधिक ब्रॉड-गेज विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। मोतिहारी सहित देश भर में 1337 से अधिक रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। इन 12 सालों में भारतीय रेलवे ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, वह अकल्पनीय है। हम सिर्फ ट्रेनें नहीं चला रहे हैं, बल्कि आरआरटीएस और वंदे भारत ट्रेनों के जरिए हमने देश में विश्वस्तरीय मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का निर्माण किया है, ताकि यातायात का हर साधन एक-दूसरे से निर्बाध रूप से जुड़ सके।आज मोतिहारी सहित देश के कोने-कोने में 164 से अधिक 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेनें सफलतापूर्वक दौड़ रही हैं,जो भारतीय रेलवे की नई, आधुनिक और सुरक्षित पहचान बन गई हैं। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, जिलाध्यक्ष भाजपा पवन राज,उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहिब्बुल हक, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अखिलेश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र किशोर मिश्र, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता शर्मा, पुतुल पाठक, महामंत्री भाजपा, मार्तण्ड नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, साजिद रजा, संजीव सिंह, मीना मिश्रा, डॉ हेना चंद्रा, ऋषभ झा, उत्तम मिश्रा, चंदन सिंह, उषा गुप्ता, डॉ उमेश चंद्रा, सुदीप कुमार सहित रेलवे के कर्मचारी , पदाधिकारी मौजूद थे।

# 'नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान' विषय पर नशा मुक्त सप्ताह का शुभारंभ

## समाहरणालय परिसर में पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किशनगंज समाहरणालय में दिखा 'नशा मुक्त' का असर, सभी पदाधिकारियों ने ली शपथ।अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस (26 जून) के अवसर पर जिले में आयोजित किए जाने वाले "नशा मुक्त सप्ताह" कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय परिसर स्थित बरामदे में सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज के निदेशानुसार एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री जफर आलम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।विभागीय निदेर्शानुसार जिले में दिनांक 17 जून 2026 से 26 जून 2026 तक 'नशा मुक्त सप्ताह' मनाया जाएगा। इस वर्ष अभियान का विषय 'नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान' निर्धारित किया गया है। अभियान का उद्देश्य युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना है।इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने नशामुक्ति की शपथ लेते हुए स्वयं किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों, सहकर्मियों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे के विरुद्ध जागरूक करने का संकल्प लिया। शपथ के माध्यम से नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया।नशा मुक्त सप्ताह के दौरान जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों एवं अन्य संस्थानों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ ग्रहण, निबंध लेखन, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, योग कार्यक्रम, सेमिनार, सोशल मीडिया अभियान, हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता शिविर, मैराथन, खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न नवाचारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।जिला प्रशासन का मानना है कि नशे के विरुद्ध जनभागीदारी एवं जागरूकता ही इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से पूरे सप्ताह विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

# सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर स्टेशन पर चौकस दिखी आरपीएफ जीआरपी



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान स्टेशनों पर उमड़ी भारी भीड़ और संभावित अव्यवस्था को रोकने के लिए रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ और जीआरपी पूरी तरह मुस्तैद और चौकस दिखे। जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सहित स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षा के कड़े इंतजाम और रेलवे स्टेशनों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह चौकसी बुधवार को देखी गई। इधर परीक्षा के दौरान पटना स्टेशन पूर्व में हुई घटना के मध्य नजर रेल एसपी विद्यासागर के निर्देश पर आरपीएफ के साथ जीआरपी ने संयुक्त कमान संभाली। यहाँ लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार माइकिंग की जा रही है, ताकि छात्रों को सुरक्षित और कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में चढ़ाया जा सके। वहीं भीड़ के कारण ट्रेन में अन्य यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर आरपीएफ जीआरपी के पदाधिकारी एसी एवं स्लीपर बोगी में सफर करने वाले यात्रियों से पूछताछ भी किया। इधर स्टेशनों पर भी भारी भीड़ को देखते हुए आरपीएफ व जीआरपी ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की है। सभी प्लेटफॉर्मो, प्रवेश और निकास द्वारों पर जवानों की कड़ी निगरानी रेल एएसपी उमेश्वर चौधरी एवं आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव मैं देखा जा रहा था।रेलवे सुरक्षा बलों द्वारा छात्रों और आम यात्रियों से अपील की जा रही है कि वे धैर्य बनाए रखें।धक्का-मुक्की न करें और ट्रेन के पायदान या दरवाजे पर लटककर जान जोखिम में न डालने की नसीहत दिया जा रहा था जिस कारण जमालपुर स्टेशन पर सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान उमरी भीर के बावजूद स्थिति नियंत्रण रहा।

# मसौढ़ी प्रखंड में 10 दिनों से ठप आरटीपीएस काउंटर का कंप्यूटर, पेंशन के लिए धूप में भटक रहे लाभार्थी




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी हर समस्या के त्वरित निष्पादन का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय का आरटीपीएस काउंटर पिछले 10-12 दिनों से ठप्प पड़ा है। जहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कंप्यूटर खराब होने से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन आदी के लाभुकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप में गांवों से आ रहे बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग हर दिन बैरंग लौटने को मजबूर हैं। मसौढ़ी प्रखंड के आरटीपीएस काउंटर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन का काम देख रहे कार्यपालक सहायक रामानुज ने बताया कि उनका कंप्यूटर पिछले कई दिनों से खराब है। हमने कई बार बीडीओ साहब को इसे बनवाने के लिए कहा है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, रामानुज ने कहा। कंप्यूटर खराब होने के कारण नए आवेदन, केवाईसी, पेंशन स्वीकृति और त्रुटि सुधार जैसे सभी काम पूरी तरह ठप हैं। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजना होने के बावजूद पदाधिकारियों की उदासीनता साफ दिख रही है। एक छोटा सा कंप्यूटर 10 दिन में ठीक नहीं हो पाया। नतीजा यह है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर निर्भर सैकड़ों गरीब परिवारों का काम अटक गया है। पेंशन ही उनके जीवन यापन का एकमात्र सहारा है। परेशान लाभुकों में राजमणि देवी, सूर्यदेव प्रसाद, संजय कुमार, सुनीता देवी, सरस्वती देवी समेत कई लोग शामिल हैं।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की सफलता को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

## पोलो मैदान में आज पहुंचेंगे जिले के सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारत सरकार के माननीय पंचायती राज तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) के गुरुवार को स्थानीय पोलो मैदान में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की तैयारियों का जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर जमालपुर विधायक नचिकेता, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, जनता दल (यू) के जिलाध्यक्ष सौरभ निधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पार्किंग, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं आम लोगों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पेयजल एवं चलन्त शौचालय की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### नदवां रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशानः प्लेटफॉर्म-2 की सीढ़ी क्षतिग्रस्त



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीजी रेलखंड के नदवां रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर बने पैदल ऊपरी गामी पुल की सीढ़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। टूटी सीढ़ियों के कारण यात्रियों, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को प्लेटफॉर्म बदलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर वक्त हादसे का डर बना रहता है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से सीढ़ी की हालत जर्जर है। कई जगह से सीढ़ी का प्लास्टर उखड़ गया है और सरिया निकल आए हैं। बारिश में स्थिति और खतरनाक हो जाती है। सामान लेकर चढ़ने-उतरने में लोग गिरते-गिरते बचते हैं। नदवां पंचायत के पंचायत समिति सदस्य धर्मेन्द्र रजक ने इस समस्या को गंभीर बताया है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से आग्रह किया है कि यात्री हित में सीढ़ी की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए।

# बैंक ऑफ बड़ौदा, पटना अंचल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रॉपर्टी एक्सपो का सफल समापन




**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंक ऑफ बड़ौदा, पटना अंचल द्वारा 13 एवं 14 जून 2026 को ज्ञान भवन, गांधी मैदान, पटना में आयोजित दो दिवसीय 'प्रॉपर्टी एक्सपो-2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस भव्य आयोजन को गृह खरीदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स तथा आम नागरिकों से अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हुआ। एक्सपो में पटना के 31 प्रतिष्ठित बिल्डर्स एवं डेवलपर्स ने भाग लिया, जिसके माध्यम से शहर की प्रमुख आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई गई। इस आयोजन ने संभावित गृह खरीदारों को विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने, बिल्डर्स से सीधे संवाद स्थापित करने तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की आकर्षक गृह ऋण योजनाओं का लाभ उठाने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। दो दिनों तक चले इस मेगा आयोजन में 4,000 से अधिक आगंतुकों एवं संभावित गृह खरीदारों ने सहभागिता की। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में रुचि दिखाई तथा बैंक की गृह ऋण सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, पटना के महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख श्री सुब्रत कुमार स्वाईं ने कहा कि प्रॉपर्टी एक्सपो आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रमुख बिल्डर्स एवं डेवलपर्स को एक साझा मंच प्रदान करना तथा गृह खरीदारों के लिए अपने सपनों का घर चुनने और खरीदने की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, त्वरित ऋण स्वीकृति और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के माध्यम से ग्राहकों के गृह स्वामित्व के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों, बिल्डर्स एवं बैंक अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे संपत्ति खरीद और गृह ऋण से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा सका। बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस सफल आयोजन में सहभागिता एवं सहयोग प्रदान करने वाले सभी बिल्डर्स, ग्राहकों, आगंतुकों तथा अन्य हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जनोपयोगी आयोजनों के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# गर्मी के कारण जनकल्याण शिविर में लाभुकों की उपस्थिति रही कम

## सहयोग सहजन कल्याण शिविर में लगाए गए 17 स्टॉल



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय जमालपुर परिसर में तीन दिवसीय सहयोग सहजन कल्याण शिविर के दूसरे दिन प्रचंड गर्मी के कारण लाभुकों की उपस्थिति नदारत दिखाई दिए। शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आम लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना है।शिविर 18 जून तक संचालित रहेगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।ताकि लोग विभागों के चक्कर लगाए बिना अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहें और प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो।शिविर में कुल 17 प्रकार के विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं।जहां संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहकर लाभार्थियों को जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा लंबित मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया भी पूरी कर रहे हैं।शिविर में मुख्य रूप से आयुष्मान भारत योजना से संबंधित जानकारी करण कुमार राउत द्वारा दी जा रही है।जबकि मनरेगा योजना के लिए उचित रंजन दास लोगों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु सांख्यिकी पदाधिकारी रामप्रवेश सिंह तैनात हैं। वहीं वृद्धा पेंशन योजना की जानकारी चंदन कुमार, राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए श्रीकांत कुमार, लेबर कार्ड योजना के लिए विकास कुमार तथा दिव्यांग कल्याण योजना के लिए श्रावणी गुप्ता लोगों को जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के संबंध में रमा कुमारी, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता योजना के लिए निशा कुमारी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी उदय कुमार द्वारा दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से वर्षा कुमारी, रूपा कुमारी, नूतन कुमारी, कनक लता देवी एवं प्रभारी चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार पासवान सहित अन्य कर्मी स्वास्थ्य सेवाओं एवं सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं।हालांकि शिविर के दूसरे पहलू में यह भी देखने को मिला कि लगातार बढ़ती गर्मी, तेज धूप एवं उमसभरी मौसम के कारण लाभार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत काफी कम रही।

CMYK

# नशा मुक्ति के लिए अभियंताओं व कर्मियों ने ली शपथ, विकसित भारत के निर्माण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित नशा मुक्त सप्ताह के अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल औरंगाबाद के कार्यालय परिसर में सोमवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन के निर्देशन में विभागीय अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान को सफल बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने प्रतिज्ञा की कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर किया गया। अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज के निर्माण का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को दीमक की तरह खोखला कर रही है। इससे व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, वहीं परिवार सामाजिक और आर्थिक संकट का सामना करने को मजबूर हो जाता है।



उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन कैंसर, टीबी और मानसिक रोगों जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। नशे के प्रभाव में युवा अक्सर अपराध और हिंसा की ओर बढ़ जाते हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा नशे की गिरफ्त में आए लोगों को पुनर्वास की दिशा में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में तकनीकी सलाहकार ई. विभाष पाल, प्राक्कलन पदाधिकारी ई. अशरफ अली, ई. इमरान हुसैन, ई. सूरज कुमार पांडेय, श्रीमती सुरभि चटर्जी, श्रीमती आशा देवी, गणेश सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरी शंकर परिक्षा, अनादि प्रमाणिक, महादेव कुमार, श्रीमती मनोरमा देवी, श्रीमती उमा देवी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इधर, ग्रामीण कार्य विभाग, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, औरंगाबाद में भी कार्यपालक अभियंता ई. सुमन कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता शुभ्रा जायसवाल, शफी अंसारी, आरती कुमारी समेत सभी कर्मियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

# एनएच -120 पर प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। एनएच-120 स्थित दाउदनगर-गोह-गयाजी रोड में अनुमण्डल के भखरुआं मोड़ से लेकर गोह प्रखंड की सीमा तक अवैध संरचनाओं, अतिक्रमण और सड़क किनारे की गई अवैध पार्किंग को प्रशासन द्वारा बुधवार को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप है। अतिक्रमित स्थान को पहले ही चिन्हित किया जा चुका था। दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त दाउदनगर के राजस्व अधिकारी रोहित कुमार ने भखरुआं गयाजी रोड में चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण को हटवाया। उनके साथ एनएच 120 के कनीय अभियंता केशव कुमार भी मौजूद रहे। बताया गया कि एन एच 120 पर अवैध संरचनाओं, अतिक्रमण व पार्किंग को पहले ही चिन्हित किया जा चुका है और उन स्थानों से अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दाउदनगर एसडीओ अमित राजन द्वारा इस विशेष अभियान के सफल संचालन के लिए दाउदनगर के राजस्व अधिकारी रोहित कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि निर्धारित क्षेत्र में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण और पार्किंग को हटाते हुए अभियान की प्रगति से एसडीओ कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।



# शिविर में 225 मामलों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**मदनपुर**। प्रखंड मुख्यालय परिसर एवं बनियां पंचायत में आयोजित विशेष सहयोग सह जनकल्याण शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का 225 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान शिविर में भूमि विवाद, परिमार्जन का 38 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आयुष्मान में 21, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 1, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 4, प्रधानमंत्री आवास योजना में 5, वीबीजी राम योजना में 14, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 6, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र में 4, राशन कार्ड में 2, परिमार्जन में 22, चिकित्सा 148, आधार कार्ड में 20 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। जबकि कुल आवेदन 247 प्राप्त हुए। शिविर का उद्घाटन रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार जनता की समस्या समाधान के लिए सहयोग सह जनकल्याण शिविर आयोजित कर रही है। लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन कुछ लोग सरकार को बदनाम करने में लगे हैं। मौके पर विधुत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम, मनरेगा पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, भाजपा नेता विनय कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधिन प्रफुल्ल कुमार सिंह, उमेश कुमार यादव, पूर्व मुखिया रामनाथ सिंह, बलिक राज सिंह ललन सिंह उर्फ विधायक जी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# स्थायी वारंटी को कासमा पुलिस ने बटुरा से किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बटुरा गांव से कासमा पुलिस ने थाना कांड संख्या 14/14 के एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि सनोज साव पिता- रामरतन साव, ग्राम- बटुरा, थाना- कासमा अपने घर पर मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कांड संख्या 14/14 का स्थायी वारंटी था और न्यायालय से उसके विरुद्ध वारंट जारी था। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत थी। गुप्त सूचना मिलते ही कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार अभियुक्तों, वारंटियों एवं कानून से बचने का प्रयास करने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। कासमा पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।



# चिलचिलाती धूप से लोग परेशान, 40 डिग्री पर पहुंचा तापमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। जिले में दिन प्रतिदिन उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। वहीं तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। वहीं तपन व उमस भरी गर्मी ऐसी कि कूलर-पंखा सब फे ल हो जा रहा है। घर के बाहर लोगों को कहीं भी सुकून नहीं मिल रहा था। सुबह नौ बजे के बाद लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। घर से बाहर निकले लोग लू के थपेड़ों से परेशान रहते हैं। थोड़ी दूर चलने पर लोग पसीना-पसीना हो जाते हैं। इस कारण लोग बार-बार पानी या जूस भी पीते रहे। तपिश इतनी तेज है कि दिन में बाहर धूप में निकलना थर्ड डिग्री की सजा से कम नहीं है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. रविभूषण श्रीवास्तव के अनुसार लू से गर्मी से निपटने का सबसे अच्छा तरीका स्वच्छ पानी का उपयोग करना है। अगर आप हर थोडी देर में पानी के छींटे अपने चेहरे पर मारते हैं तो आप तरोताजा महसूस करते हैं। जानकार बताते हैं कि धूप में निकलने से परहेज करें। अगर निकलना पड़े तो अपने चेहरे को पूरी तरह ढंक कर निकले। इससे आपकी त्वचा ठीक रहेगी। गर्मियों के मौसम में वैसे तो हर कोई धूप से निकलने से बचता परंतु अगर निकलना बहुत जरूरी हो तो इसे टाला भी नहीं जा सकता। धूप में निकलने से सबसे ज्यादा डर लू लगने का बना रहता है। अगर किसी का शरीर गरम हो और कान ठंडे हो तो कहा जा सकता है कि उसे लू लगी हुई है। अगर चाहे तो थोड़ी सी सावधानी रखकर इससे बच सकता है। इससे बचाव के लिए ठंडा पानी, आइसक्रीम, तेज धूप एवं गर्मी से बचने की जरूरत है। कहा कि पानी ज्यादा पीना है, हो सके तो नारियल का का सेवन करें। ताजा फल के जूस भी गर्मी में शरीर के लिए लाभदायक है। खीरे और तरबूज का सेवन करें। इससे पेट तो भरेगा ही शरीर में पानी भी जाता रहेगा। खीरे और तरबूज में प्रचुर मात्रा में पानी होता है। बाजार में भी तरबूज की एक बड़ी खेप आ गई है। लू लगने से वहां पर मौजूद रहे।

# निर्वाचन प्रशिक्षण के राष्ट्रीय कोर एक्सपर्ट बने झारखंड के देव दास दत्ता, मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए झारखंड के स्टेट ट्रेनिंग नोडल पदाधिकारी एवं नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर (एनएलएमटी) देव दास दत्ता को सम्मानित किया गया है। उन्हें निर्वाचन प्रशिक्षण सामग्रियों के निर्माण और ई-लर्निंग कंटेंट विकसित करने में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट के 15वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देव दास दत्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने के लिए चयनित देश के सात एनएलएमटी कोर एक्सपर्ट्स में भी शामिल किया गया। देव दास दत्ता वर्तमान में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखंड में स्टेट ट्रेनिंग नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने निर्वाचन प्रशिक्षण सामग्रियों को आधुनिक शिक्षण पद्धति (पेडागॉजी) के अनुरूप तैयार करने तथा आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर ई-लर्निंग सामग्री विकसित कर अपलोड करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इस योगदान को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि आईआईआईडीइएम भारत निर्वाचन आयोग का प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है, जिसकी स्थापना 17 जून 2011 को हुई थी। यह संस्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचन प्रबंधन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में अग्रणी भूमिका निभाता है। देव दास दत्ता इससे पूर्व वर्ष 2019 और 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। निर्वाचन प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता और योगदान को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय कोर एक्सपर्ट्स की टीम में शामिल किया जाना झारखंड के लिए गौरव की बात मानी जा रही है।



# रफीगंज में खरीफ प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड परिसर में आत्मा के तत्वावधान में शारदीय (खरीफ) महाभियान के तहत प्रखंड स्तरीय खरीफ प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता मौर्या ने की, जबकि संचालन आत्मा प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार सिंह एवं कृषि समन्वयक मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि पदाधिकारी अमृता मौर्या, आत्मा प्रखंड अध्यक्ष, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, बीस सूत्री सदस्य सह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, विधायक प्रतिनिधि विनोद सिंह, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सहायक निर्देशक पौधा संरक्षक रॉकी रावत एवं पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विभाग की ओर से उपस्थित अतिथियों एवं किसानों को बुके देकर सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. प्रतिभा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से धान की बुआई, उन्नत फसल उत्पादन, फसल बीमा के लाभ तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार खेत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि फसल के लिए 17 पोषक तत्व आवश्यक होते हैं। उन्होंने फसलों में होने वाली बीमारियों से बचाव, कीटनाशक दवा के सही मात्रा में छिड़काव सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि इटार पंचायत पैक्स में खाद का लाइसेंस दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उत्पादन, मड़ुआ खेती एवं पशुपालन को लेकर भी किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में किसान स्नेहलता, लूटन सिंह, अर्जुन ठाकुर, सुनील शर्मा, महेंद्र सिंह, संतोष सिंह,मनोज सिंह सहित सैकड़ों महिला-पुरुष किसान उपस्थित रहे।




**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-82 टू 85-26-27 (ओपन), दिनांक: 16.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-82-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/आसनसोल के अधीन निम्नलिखित की शेष मात्रा के लिए खुली निविदा- (1) मधुपुर में सिविल इंजीनियरिंग कार्य: पावर हाउस से विभिन्न स्थानों (जैसे कि स्टेशन, डीटीसी, पश्चिम केबिन, फ़िल्टर हाउस आदि तथा अन्य स्थानों) तक ओएच लाइन के मज़बूतीकरण सहित बदली। (2) सहायक अभियंता/मधुपुर के अधीन जामताड़ा में टीआरडी कॉलोनी के बगल में स्टेशन अप्रोच रोड के सुधार का सिविल इंजीनियरिंग कार्य सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। (3) रजला हाल्ट पर नए बुकिंग कार्यालय सह प्रतीक्षालय के निर्माण का सिविल इंजीनियरिंग कार्य। (4) नरगंजो हाल्ट पर नए बुकिंग कार्यालय सह प्रतीक्षालय के निर्माण का सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 39,79,859.59। **बयाना राशि:** ₹ 79,600। **क्रम संख्या:** 2। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-83-26-27। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/जसीडीह के अधीन टीआरआर (पी), टीएसआर (पी), सीएमएस क्रॉसिंग का कैज़ुअल नवीकरण, टीडब्ल्यूएसईजे, टीडब्ल्यूएस/डब्ल्यूसीएमएस तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,89,93,726.28। **बयाना राशि:** ₹ 9,79,900। **क्रम संख्या:** 3। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-84-26-27। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/मधुपुर के अधीन टीआरआर (पी), टीएसआर (पी), सीएमएस क्रॉसिंग का कैज़ुअल नवीकरण, टीडब्ल्यूएसईजे, टीडब्ल्यूसी/डब्ल्यूसीएमएस तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,64,90,862.64। **बयाना राशि:** ₹ 5,29,800। **क्रम संख्या:** 4। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-85-26-27। कार्य का नाम:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए सम्पूर्ण आसनसोल मंडल में एसएसई/बीआर/सीतारामपुर द्वारा अनुरक्षित पुलों के लिए आनुषंगिक कार्यों सहित पुलों के सुपर स्ट्रक्चर के रखरखाव हेतु जोनल कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 51,00,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,02,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना (क्रम संख्या 1 के लिए) एवं 12 महीना (क्रम संख्या 2 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-141/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं : डा.चंचल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बुधवार को पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव सह संस्था के निदेशक डा.चंचल कुमार ने एक जन कल्याण हेतु बैठक की जिसमें असहाय बच्चों को लेकर चर्चा की गई। ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने कहा कि इस वर्ष संस्था द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया जायेगा और वैसे बच्चों को चिन्हित किया जायेगा जिसका कोई नहीं है। उसमें पढ़ने के प्रति रुझान होगा तो संस्था उसे निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करायेगी। आज के दौर में शिक्षा एक ऐसा साधना है जिसके साधने से हर काम में सफलता मिलती है। हमारे शहर में बहुत से ऐसे बच्चे हैं जो पैसों के अभाव में नहीं पढ़ पाते। उन्हें सही से देखने वाला कोई नहीं है। परंतु निदेशक की यह पहल उनके जीवन को परिमार्जित कर एक सुयोग्य नागरिक बनायेगा। आज भी संस्था पचास से ज्यादा बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करती है। निदेशक ने स्वयं यह पहल की है। बैठक में राजा कुमार, रजनीश कुमार, नेयाज आलम एवं दीपक कुमार उपस्थित रहे।

# गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष, तीन दिवसीय महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के प्राणपुर गांव में तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर यज्ञाचार्य अशीष शास्त्री के सानिध्य में आयोजित भव्य प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ बीते रात्रि श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू तथा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, हम से प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं कथावाचक सुनीता पांडेय को अंगवस्त्र और पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं मंच संचालन शिक्षक आनंद कुमार ने किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एकता, संस्कार और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक है। अतिथियों ने बताया कि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में चल रहा है।जलयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों एवं युवाओं ने भाग लेकर अपनी धार्मिक आस्था का परिचय दिया। पूरे गांव में भक्ति का माहौल बना हुआ है तथा जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रवचन का रसपान कर धर्म, संस्कृति एवं मानव जीवन के आदर्श मूल्यों की प्रेरणा प्राप्त की। महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर अध्यक्ष अनंत कुमार दास, उपाध्यक्ष यदुनंदन यादव, मिथलेश विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, दशरथ दास, मुन्ना पासवान,सीताराम पासवान, रामकृत पासवान, मनोज पासवान, रामवृक्ष महतो, आदित्य साव , फोनू रजक के साथ सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी राहुल राज के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में ढूंढा बिगहा चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान स्कूटी से 375 एमएल की चार बोतल रॉयल चैलेंज विदेशी शराब तथा 200 एमएल की 20 बोतल देसी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 5.5 लीटर बताई गई है। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपनी पहचान फेसर थाना क्षेत्र निवासी शिवपूजन कुमार के रूप में बताई। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त कर लिया है। बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी राहुल राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार और तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# एसआईआर में किसी भी मतदाता का नाम न छूटे

## झामुमो का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** खूंटी नगरभवन सभागार में आज झामुमो का बूथ स्तरीय कार्यक प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में खूंटी तोरपा और तमाड़ के विधायक भी शामिल हुए। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय ने झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एसआईआर की प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तरीय एजेंट की भूमिका बेहतर तरीके से निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्रों में किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने केंद्र सरकार और आयोग की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर के बाद चुनाव हुए वहां लाखों मतदाताओं



का नाम काट दिया गया। बिहार बंगाल समेत अन्य राज्यों में इसके परिणाम देखने को मिले हैं साथ ही लाखों मतदाताओं के नाम कटने के बाद कोर्ट का यह कहना कि आप अगली बार मतदान करें यह मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। झारखंड में इस तरह पुनरावृत्ति न हो इसे लेकर बूथ स्तरीय झामुमो कार्यकर्ताओं और बीएलए 2 को प्रशिक्षित कर सजग और सचेत किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि एसआईआर के माध्यम से हमारा नाम हटाया जाएगा तो हम भारत के नागरिक होने से भी वंचित होंगे इसलिए सबका दायित्व है कि एसआईआर को लेकर बारीकी से नाम जोड़ने के काम में सहयोग करें। खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार आमजनों को कई मुफ्त योजनाएं दी है उसे जारी रखने के लिए एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं का नाम नहीं छूटना चाहिए। अन्य राज्यों की तरह जैसे तैसे एसआईआर की एंट्री कर मतदाताओं का नाम खारिज न किया जाए इसका ध्यान रखना होगा। तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि आप सभी यदि सजग नहीं रहेंगे तो आपका नाम भी कट जाएगा। वोट देने का अधिकार उसी को मिलता है जो इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में एसआईआर के माध्यम से हमारे लोगों का नाम जोड़ने में सभी कार्यकर्ता और विधायक भी सहयोग करेंगे। झामुमो के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में हजारों की संख्या में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता, प्रखंड और जिला स्तरीय कार्यकर्ता और कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# नशे के तीन कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** देवघर पुलिस को नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुंडा थाना क्षेत्र के कोरियासा मैदान में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर कुलदीप कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध गांजा की खरीद-बिक्री में संलिप्त तीन युवकों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 1.9 किलोग्राम गांजा, एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल, 5 हजार 150 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लाल गोविंद मंडल, बिंदु कुमार मंडल और कुनाल मंडल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी लंबे समय से गांजा के अवैध कारोबार से जुड़े हुए थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए ऐसे कारोबारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अनिल चौरसिया की पुण्यतिथि में जुटे कई लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पलामू।** जिले के चैनपुर में जननेता स्व. अनिल चौरसिया की 16वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता, मेयर अरुणा शंकर, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा हजारों की संख्या में आम लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. चौरसिया के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने स्व. अनिल चौरसिया के संघर्षपूर्ण जीवन, समाज सेवा और जनहित के प्रति उनके समर्पण को याद किया। नेताओं ने कहा कि उनका जीवन युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनके आदर्शों पर चलकर समाज और क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी जा सकती है। वक्ताओं ने लोगों से उनके संघर्ष, सादगी और जनसेवा की भावना से सीख लेने का आह्वान किया। स्व. अनिल चौरसिया वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया के पिता थे।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्म भूषण सम्मान

## आदिवासी समाज और झारखंड आंदोलन में योगदान को लेकर किया गया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** भारत के प्रमुख आदिवासी जननेता, समाज सुधारक और झारखंड आंदोलन के प्रमुख शिल्पकार शिबू सोरेन को उनके योगदान के लिए श्रद्धापूर्वक याद किया गया और उन्हें पद्म भूषण सम्मान से मरणोपरांत भारत सरकार से नवाज़ा है. आदिवासी समाज के बीच 'दिशोम गुरु' के नाम से विख्यात शिबू सोरेन ने झारखंड की पहचान, अधिकारों और विकास के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। शिबू सोरेन ने झारखंड आंदोलन को जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व और संघर्ष के परिणामस्वरूप अलग झारखंड राज्य की मांग को व्यापक जनसमर्थन मिला। सामाजिक न्याय, आदिवासी अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय माना जाता है। सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया। उन्होंने तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और कई बार लोकसभा सदस्य के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार में कोयला मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शिबू सोरेन का योगदान केवल झारखंड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी समुदाय की आवाज को मजबूती प्रदान की। सादगी, संघर्षशीलता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें लाखों लोगों के बीच सम्मान दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन सामाजिक परिवर्तन, जनअधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक है। झारखंड के विकास और आदिवासी समाज के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

### परीक्षार्थी की हालत बिगड़ी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मीरगंज स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में बुधवार की दोपहर बिहार मधनिषेध विभाग की परीक्षा देने आए बांका निवासी परीक्षार्थी की हालत बिगड गई। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षार्थी बांका जिले के सिंघनान थाना क्षेत्र के सिंघनान गांव निवासी नरेश साह का 26 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार साह है। इधर, सुनील कुमार साह ने बताया कि वह बुधवार को बांका से शहर के मीरगंज स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में बिहार मधनिषेध विभाग के पुलिस जवान की भर्ती परीक्षा देने के लिए आया था। बुधवार की दोपहर जब वह केंद्र में परीक्षा दे रहा था। तभी उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

# पदमा दौरे पर सांसद ने कार्यकर्ताओं संग किया संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पदमा (हजारीबाग)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पदमा प्रखंड का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा की। दौरे की शुरुआत ग्राम परतन से हुई, जहां सांसद ने सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से संवाद किया। इसके बाद सूरजपुरा और रोमी पंचायत पहुंचकर स्थानीय



भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के साथ बैठक की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। दौरे के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने हाल के दिनों में विभिन्न दुर्घटनाओं और आकस्मिक घटनाओं में अपने परिजनों को खो चुके परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। बिहारी पंचायत में उमाशंकर मेहता एवं शशिकांत मेहता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इसके बाद ग्राम बुंडू में सत्यनारायण राम के निधन से प्रभावित परिवार से मिलकर सांसद ने उनके बच्चों एवं परिजनों का हौसला बढ़ाया। वहीं महकोल गांव में सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए सन्नी रविदास के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य और बेटे की तरह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जनता का सुख-दुख ही उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और हर परिस्थिति में वे क्षेत्रवासियों के साथ रहेंगे। दौरे में भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राज्यपाल से मिल विकास कार्यों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** कोनार परियोजना के प्रधान राणा रणजीत सिंह ने बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा कोनार परियोजना क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। मुलाकात के दौरान कोनार परियोजना के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन तथा क्षेत्र की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। राज्यपाल ने कोनार परियोजना में अल्प समय में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परियोजना के विकास एवं प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और इसके सकारात्मक



परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। राज्यपाल ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा राज्य के विकास, ऊर्जा उत्पादन तथा रोजगारोन्मुख गतिविधियों में दिए जा रहे योगदान की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वहीं, दूरभाष पर प्रतिक्रिया देते हुए कोनार परियोजना के प्रधान राणा रणजीत सिंह ने कहा कि राज्यपाल का अभिभावक तुल्य स्नेह, मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन डीवीसी परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा व्यक्त किए गए विश्वास और शुभकामनाओं के लिए डीवीसी परिवार सदैव उनका आभारी रहेगा।

यह मुलाकात कोनार परियोजना के विकास कार्यों को नई गति देने तथा क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# भगवान शिव का अनोखा मंदिर, यहां सांप का काटा इंसान भी हो जाता है स्वस्थ्य

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में आपको बता रहे हैं जहां के बारे में यह मान्यता है कि यहां सांप का काटा व्यक्ति भी तुरंत सही हो जाता है। बता दें कि यहां नागपंचमी के अवसर पर दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। कहते हैं विषैले सांप से डंसे व्यक्ति को यहां लाकर पूजा करने से वह सही सलामत घर लौट जाता है। सर्वत्र आस्था और विश्वास का बोलबाला औरंगाबाद जिले के वार गांव स्थित बक्स बाबा मंदिर में देखने को मिलता है। इस दौरान आस्थावान भक्तों का सैलाब बक्स बाबा मंदिर में उमड़ा नजर आता है। श्रद्धालु इस मौके पर जमकर नागदेवता की विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं और उन्हें प्रसाद के रूप में दूध-लावा चढ़ाते हैं। इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि किसी भी विषैले सांप के डंसने पर मंदिर प्रांगण में पीड़ित व्यक्ति को लाकर जल छींटने और जयकारा लगाने से रोगी पूरी तरह से स्वस्थ्य हो जाता है। यह मंदिर औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड में वार गांव में स्थित है। बक्स बाबा मंदिर में नागपंचमी के दिन काफी भीड़ जुटती है। यहां भव्य मेला भी लगता है। नागपंचमी के दिन पूरे गांव के लोग नमक का सेवन नहीं करते। श्रद्धालु नाग देवता को दूध और लावा चढ़ाते हैं। इस पौराणिक मंदिर के प्रांगन में पिछले कई वर्षो से विशाल मेले के आयोजन की परम्परा चली आ रही है। इसी कारण नागपंचमी के शुभ अवसर पर सिर्फ औरंगाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग यहां जुटते हैं और बख्स बाबा स्थित नाग देवता की पूजा अर्चना करते हैं।

# मंत्री ने धनवार में केंद्रीय विद्यालय का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** शिक्षा के क्षेत्र में गिरिडीह के धनवार प्रखंड को केंद्रीय विद्यालय की बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बता दें धनवार में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत को क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक

## छात्रों को होगी सुविधा

प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के संचालन से धनवार और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, आधुनिक संसाधन और बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

वहीं उपायुक्त रामनिवास यादव ने इसे जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि फिलहाल विद्यालय का संचालन वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अगले दो वर्षों के भीतर केंद्रीय विद्यालय का अपना आधुनिक और भव्य भवन बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नामांकन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रशासन का मानना है कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल धनवार समेत पूरे गिरिडीह जिले के लिए एक नई दिशा और नए अवसरों का द्वार खोलने वाली साबित होगी।

# डीवीसी कोनार में रक्तदान महाशिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोनार/हजारीबाग।** आज डीवीसी कोनार डिस्पेंसरी परिसर में कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के दिशा-निर्देश में रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोनार के सीनियर मैनेजर (विद्युत) विशाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कोनार डिस्पेंसरी के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी. एन. मंडल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी




सेवा है तथा एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में कार्यपालक सुनील कुमार, मैनेजर (विद्युत) चंदन कुमार, डॉ. एस. के. अज़ाज़ अहमद, सब स्टेशन के दीनानाथ प्रसाद, उच्च विद्यालय के प्राचार्य बी. के. महतो, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश्वर कुमार रजक, विवेक करकेटा, नंदलाल साहू, अमन टोप्पो, दिनेश किस्कू एवं चेतलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने रक्तदान महादान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# डीडीएस अकेडमी के आठ छात्रों के बिहार पुलिस में चयन से हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड स्थित डीडीएस अकैडमी ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकैडमी के आठ छात्रों का चयन बिहार पुलिस में तथा एक छात्र का चयन सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में अकैडमी परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने भाग लिया सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अकैडमी के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार झा को दिया। छात्रों ने कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन, अनुशासित प्रशिक्षण और निरंतर प्रेरणा के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षक द्वारा नियमित अभ्यास, शारीरिक प्रशिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे उन्हें सफलता प्राप्त करने में मदद मिली चयनित अभ्यर्थियों में सतीश कुमार ग्राम फतेहपुर का चयन बिहार पुलिस में हुआ है और उनकी पोस्टिंग मुजफ्फरपुर जिला पुलिस में की गई है। अमित कुमार ग्राम फतेहपुर का चयन नालंदा जिला पुलिस के लिए हुआ है। राकेश कुमार राम ग्राम मननपुर की पोस्टिंग औरंगाबाद में हुई है, जबकि मिथिलेश कुमार ग्राम बलहा को कटिहार जिले में पदस्थापित किया गया है। प्रिया कुमारी ग्राम गुदारघाट की नियुक्ति जमुई में हुई है तथा अंकिता कुमारी ग्राम फतेहपुर को नालंदा जिले में तैनाती मिली है। वहीं नरेश कुमार राम (ग्राम बंधार) का चयन सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में हुआ है। अन्य चयनित अभ्यर्थियों ने भी अपनी मेहनत और लगन के बल पर सरकारी सेवा में स्थान प्राप्त किया है सम्मान समारोह में बल्लीपुर पंचायत की मुखिया अनीता देवी, सरपंच कन्हैया मंडल, उपमुखिया संतोष कुमार, समाजसेवी शंकर मंडल, नवोदय अकैडमी के शिक्षक राजकुमार झा, उनके पिता एवं सेवानिवृत्त बड़ा बाबू राम उदगार झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने चयनित छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दक्षिणी उमगा पंचायत के वार्ड नं. 5 में ठप पड़ी नल-जल योजना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के दक्षिणी उमगा पंचायत के वार्ड नं-पांच में बीते तीन वर्षों से अधिक समय से नल-जल योजना ठप्प पड़ा है। बता दें कि चार वर्ष पहले वार्ड में 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया। बता दें कि राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फ़ेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। बता दें कि वार्ड में 140 से अधिक घरों की बस्ती है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण प्रदीप सिंह सहित के अनुसार जब गांव में नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जाता है। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू नहीं कराया गया तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फ़ेल हो गया है। कुछ ग्रामीणों द्बारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर चालू करवाए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की है।

# तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के सभी 17 पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंच रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में आने वाले फरियादियों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। इनमें राजस्व, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा, बाल विकास परियोजना, शिक्षा,



स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत राज, आवास योजना, जीविका सहित अन्य विभागों के काउंटर शामिल हैं। प्रत्येक काउंटर पर संबंधित विभाग के कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। प्रखंड प्रशासन द्वारा शिविर में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभुक की शिकायत एवं समस्या का निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव है, उनका मौके पर ही निष्पादन किया जा रहा है, जबकि जांच से संबंधित मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। शिविर में राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना, भूमि विवाद, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा भुगतान, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के आवेदन बड़ी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं। लाभुकों ने बताया कि एक ही स्थान पर सभी विभागों के अधिकारी उपलब्ध रहने से उन्हें अपनी समस्याएं रखने और समाधान प्राप्त करने में काफी सुविधा हो रही है। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी लगातार शिविर की निगरानी कर रहे हैं तथा यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में पहुंचे लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है तथा वर्षों से लंबित कई समस्याओं के समाधान का रास्ता भी खुलता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना

# आरा-बलिया रेल लाइन पर एकजुट हुए भोजपुर के विधायक

## रेल मंत्री को पत्र लिख मूल प्रस्ताव के अनुसार जल्द निर्माण शुरू कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** बहुप्रतीक्षित आरा-बलिया रेल लाइन परियोजना को लेकर भोजपुर जिले के जनप्रतिनिधि एक मंच पर आ गए हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के विधायक और जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मूल प्रस्ताव के अनुसार आरा-बलिया रेल लाइन का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस परियोजना में किसी प्रकार का बदलाव न केवल जनभावनाओं के विपरीत होगा, बल्कि दियारा क्षेत्र के लाखों लोगों के विकास की उम्मीदों को भी झटका पहुंचाएगा। ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व बक्सर जिले के कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित रेल लाइन के अलाइनमेंट में बदलाव कर इसे रघुनाथपुर से जोड़ने की मांग उठाई गई थी। इसके बाद भोजपुर जिले के जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए मूल योजना के अनुरूप जगजीवन हॉल्ट से रेल लाइन निर्माण शुरू कराने की मांग तेज कर दी है। संदेश विधायक राधाचरण साह ने रेल मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि आरा को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से जोड़ने की मांग वर्षों पुरानी रही है। वर्ष 2009 के रेल बजट में इस परियोजना को स्वीकृति मिली थी। इसके बाद रेलवे द्वारा ट्रैफिक सर्वे, फाइनल लोकेशन सर्वे तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जैसी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। ऐसे में अब परियोजना के स्वरूप में बदलाव करना जनहित और विकास की अवधारणा के विरुद्ध होगा। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि भोजपुर और बक्सर जिले का विशाल दियारा क्षेत्र आज भी रेल और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। रेल लाइन निर्माण से इस क्षेत्र के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने यह भी कहा कि रघुनाथपुर से रेल लाइन जोड़ने का प्रस्ताव भौगोलिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है। गंगा नदी के अधिक फैलाव और भागड़ क्षेत्र होने के कारण वहां 15 से 20 किलोमीटर तक अतिरिक्त पुल निर्माण की आवश्यकता पड़ेगी, जिससे परियोजना की लागत और निर्माण अवधि दोनों में भारी वृद्धि होगी। विधायक ने यह भी बताया कि मूल प्रस्ताव के तहत बक्सर जिले के नैनीजोर में रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है, जिससे रघुनाथपुर और प्रसिद्ध ब्रह्मपुर मंदिर क्षेत्र की दूरी मात्र छह से सात किलोमीटर रह जाएगी। इसलिए मूल योजना ही क्षेत्र के लिए सबसे उपयुक्त और लाभकारी है।

### विकास की नई राह खोलेगी रेल परियोजना

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि आरा-बलिया रेल लाइन केवल भोजपुर और बक्सर जिलों तक सीमित परियोजना नहीं है, बल्कि यह पूरे शाहाबाद क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। रेल लाइन बनने से दियारा क्षेत्र के दर्जनों गांव पहली बार सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ सकेंगे। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। आरा-बलिया रेल लाइन के मुद्दे पर भोजपुर जिले के लगभग सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में अपनी मांग रखी है। बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह और संदेश विधायक राधाचरण साह पहले ही रेल मंत्री को पत्र भेज चुके हैं। वहीं शाहपुर विधायक राकेश कुमार ओझा ने भी परियोजना के मूल स्वरूप में निर्माण कार्य शुरू कराने का समर्थन किया है। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यह परियोजना छह लोकसभा और करीब 20 विधानसभा क्षेत्रों की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके शीघ्र निर्माण से लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय से मांग की है कि जनभावनाओं और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए आरा-बलिया रेल लाइन का निर्माण मूल प्रस्ताव के अनुसार जल्द शुरू कराया जाए, ताकि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना का सपना साकार हो सके।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान ब्लूटुथ लेकर केंद्र में प्रवेश करता परीक्षार्थी गिरफ्तार

## गिरफ्तार की निशानदेही पर चचेरे भाई को दबोचा, वॉकी-टॉकी, चार्जर एवं मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित एसबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में केंद्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल के साथ एक परीक्षार्थी पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर केंद्र के बाहर बैठे उसके चचेरे भाई को भी पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से एक वॉकी-टॉकी, एक चार्जर तथा एक मोबाइल बरामद हुआ। इस संबंध में केंद्राधीक्षक द्वारा स्थानीय थाने में लिखित आवेदन प्राथमिक की दर्ज करने के लिए दिया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) परीक्षा 2027 के तहत 17 जून (बुधवार) के द्वितीय पाली परीक्षा में परीक्षा केंद्र संख्या-1710 एसबी प्लस टू उच्च विद्यालय मौलाबाग, आरा के मुख्य गेट से साजिश के तहत कदाचार करने के उद्देश्य से अभ्यर्थी सुधीर कुमार, पिता रमेश साहनी, रौल नंबर-5617100093 निवासी रहुआमनी, वार्ड नंबर-3, सहरसा, बिहार ने प्रवेश किया। तलाशी के क्रम में चकमा देकर प्रवेश करने के क्रम में गहन जांच की गई, जिसमें नीला बनियान में बने पैकेट से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल) के साथ पकड़ा गया। बताया जाता है कि गिरफ्तार सहरसा के बलगांव थाना क्षेत्र के रहुआमनी गांव निवासी रमेश साहनी का पुत्र सुधीर कुमार है। जांच के दौरान उसने अपना मोबाइल नाले में फेंक दिया, हालांकि उसके पास से ब्लूटूथ पकड़ा गया। पूछताछ के बाद केन्द्र के बाहर बैठे उसके भाई चचेरे भाई बलराम कुमार को दबोचा गया। उसके पास से एक वॉकी-टॉकी, एक चार्जर तथा एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस दोनों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# तेज आंधी और बारिश से मिली लोगों को राहत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र में एक सप्ताह से भीषण गर्मी और प्रचंड धूप से परेशान लोगो को बुधवार की शाम अचानक तेज आंधी और बारिश ने राहत दी है। कई दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। लोग घरों में कैद रहने को विवश थे और दिनचर्या प्रभावित हो रही थी। शाम में अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। बच्चे, युवा और बुजुर्ग घरों से बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए।वहीं, बारिश से किसानों में भी खासा उत्साह देखा गया।

# सहयोग शिविर में महिलाओं की रही अधिक भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी में बुधवार को आयोजित सहयोग सह जन कल्याण शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भीषण गर्मी और लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बावजूद महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, श्रम, आपूर्ति, पंचायती राज, जीविका एवं मनरेगा सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान जीविका दीदियों रंजू, सुमन, पिंकी एवं जनिता ने दीदी रसोई शुरू करने की मांग उठाई। वहीं पूनम, किरण और जनिता समेत अन्य महिलाओं ने जीविका समूहों के लिए अलग भवन निर्माण की मांग की, ताकि बैठकों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।शिविर में वृद्धा पेंशन के 31 आवेदन प्राप्त हुए। बिजली विभाग को सोलर प्लेट लगाने के लिए तीन आवेदन मिले, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पांच आवेदन जमा किए गए। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की मंशा आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीएओ रोशन कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी राजाराम कुमार, किसान सलाहकार श्रवण कुमार आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न बैंकों के माध्यम से 1.90 करोड़ का ऋण स्वीकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिला के सभी प्रखंडों में बुधवार को सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग शिविर के दौरान विभागीय पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई तथा संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देश दिए गए। शिविर में आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की दिशा में आवश्यक पहल की गई। इन स्टॉलों के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री वृद्धजन सहायता भत्ता योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था जिन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार सह बेगूसराय सांसद गिरीराज सिंह, नगर विधायक कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर रविशंकर कुमार, अंचल अधिकारी राहुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री सह सांसद गिरीराज सिंह एवं विधायक द्वारा सहयोग शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। केंद्रीय मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री वास क्रय योजना के तीन लाभुकों, जॉब कार्ड के चार लाभुकों, आयुष्मान कार्ड के चार लाभुकों तथा सतत जीविकोपार्जन योजना के चार लाभुकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त जीविका से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंक शाखाओं के माध्यम से कुल 1.90 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत कर वितरित किया गया, जिससे महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

# हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल जब्त

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाने पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना पर कोईलवर थाना क्षेत्र से 123.95 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। उन्होंने आगे बताया कि बिहार मद्य निषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर 16 जून को कोईलवर थाना पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कुल्हड़िया एनएच-922 स्थित टोल प्लाजा के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान आरा की ओर से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान पटना जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत तमसिन पड़ाव वार्ड संख्या-04 निवासी आदित्य कुमार उर्फ भोला (22 वर्ष) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पहने हुए जींस की जेब से काले रंग की प्लास्टिक की पन्नी बरामद हुई, जिसमें दो पार्सलों में रखी गई 123.95 ग्राम हेरोइन मिली। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि बरामद हेरोइन उसे फुलवारीशरीफ क्षेत्र के रहने वाले दीपक कुमार ने बिक्री के लिए उपलब्ध कराई थी। उसने यह भी बताया कि वह आसपास के शहरी क्षेत्रों में मादक पदार्थों की आपूर्ति करता था। इस मामले में कोईलवर थाना कांड संख्या-131/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बरामदगी के रूप में 123.95 ग्राम हेरोइन, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया है।

# इंटर्नशिप शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं वास्तविक समस्याओं को समझने का अवसर : डॉ अनामिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज के सच्चिदानंद भवन में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के स्नातक सेमेस्टर-पांच के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था आदर्श परिकल्पना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा इंटर्नशिप रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दंत चिकित्सक डॉ अनामिका ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्रों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप केवल एक शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर है। उन्होंने छात्रों को जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के सचिव मो आरिफ हुसैन ने इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और रोजगारपरक कौशल को बढ़ाने में सहायक होगा। पत्रकार तबस्सुम खान ने कहा कि किसी भी सामाजिक कार्य का वास्तविक मूल्यांकन उसके दस्तावेजीकरण और प्रस्तुतीकरण से होता है। उन्होंने छात्रों को रिपोर्ट लेखन, साक्षात्कार,फील्ड सर्वे और तथ्य संग्रहण की बारीकियों से अवगत कराया। वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं,बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनना है। इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर, संवेदनशील एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद कर अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। अंत में प्रतिभागियों को इंटर्नशिप कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित करने एवं रिपोर्ट तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# ब्राजील में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विश्व कांग्रेस में डॉ. रोहिणी झा का व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. रोहिणी झा ने ब्राजील में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विश्व कांग्रेस में विशेषज्ञ व्याख्यान देकर विश्वविद्यालय एवं बिहार का गौरव बढ़ाया है। ब्राजील के मिनस जेराइस में 15 से 29 जून तक आयोजित विश्व कांग्रेस ह्रन्यू एनवायरनमेंटल स्टैंडर्ड्स, इंटरनेशनल क्लाइमेट लिटिगेशन एंड एनवायरनमेंटल पॉलिसी फॉर सिक्योरिटी एंड बायोडायवर्सिटी में उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। डॉ. झा ने पर्यावरणीय मानविकी एवं पारिस्थितिकी आलोचना (इकोक्रिटिसिज्म) विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संकट केवल वैज्ञानिक अथवा नीतिगत चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय सरोकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन का वसुधैव कुटुम्बकम सिद्धांत वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अपने व्याख्यान में उन्होंने बिहार की भौगोलिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मखाना जैसे पारंपरिक कृषि उत्पादों के पारिस्थितिकी तंत्र पर जलवायु परिवर्तन का व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। वहीं कोसी, बागमती, कमला बलान एवं गंडक जैसी नदियों के कारण उत्पन्न होने वाली बाढ़ से राज्य में व्यापक स्तर पर दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं। डॉ. झा ने अथर्ववेद के प्रसिद्ध मंत्र माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः, पर्जन्यः पिता स उ नः पिपर्तु का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रकृति और मानव के बीच संतुलन स्थापित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह मंत्र पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन के प्रति मानव की जिम्मेदारी का संदेश देता है। विश्व कांग्रेस में 25 देशों के 120 से अधिक विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं की भागीदारी हो रही है। डॉ. रोहिणी झा की प्रस्तुति को प्रतिभागियों ने सराहा तथा पर्यावरण संरक्षण के भारतीय दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण बताया।

# बियाडा कैंपस की कंपनी में वर्कर मैनेजर की संदिग्ध मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## कंपनी के वर्करों ने लगाए कई आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बियाडा कैंपस स्थित 'किम पेटी' कंपनी में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जो एकाएक बेहोश हो कर गिर पड़ा। कंपनी में वर्कर मैनेजर के पद पर कार्यरत 40 वर्षीय लक्ष्मण पासवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के शव को कंपनी के मुख्य गेट के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। ड्यूटी के दौरान अचानक बिगड़ी तबीयत मृतक की पहचान स्वर्गीय सीताराम पासवान के वर्षीय पुत्र लक्ष्मण कुमार के रूप में हुई है। मृतक के बेटे गोलू कुमार ने बताया पापा सुबह करीब 8 बजे घर से खाना खाकर ड्यूटी के लिए निकले थे। सुबह करीब 11 बजे सहकर्मी राजेश पासवान ने फोन पर सूचना दी कि पापा की तबीयत बहुत खराब हो गई है और वे कंपनी के अंदर एकाएक बेहोश होकर गिर पड़े हैं। उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल बरौनी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, फैक्ट्री प्रशासन पर गंभीर आरोप

लक्ष्मण पासवान की असमय मौत से उनकी पत्नी पूनम देवी, दो बेटों (गोलू कुमार व किरण कुमार) और चार बेटियों (नीतू कुमारी, नीलू कुमारी, सोनम कुमारी और मोनी कुमारी) का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़ी बेटी नीतू कुमारी की शादी हो चुकी है, जबकि तीन बेटियां अभी अविवाहित हैं। इस घटना ने कंपनी में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा और व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक का बेटा गोलू कुमार भी इसी कंपनी में काम करता है। कंपनी के अन्य वर्करों ने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज तक फैक्ट्री में किसी भी कर्मचारी या मजदूर का आईडी कार्ड (पहचान पत्र) नहीं बनाया गया है। बिना किसी वैध पहचान पत्र और पुख्ता सुरक्षा मानकों के ही फैक्ट्री में धड़ल्ले से काम कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बरौनी थाना के एएसआई पंकज कुमार और वीरपुर थाना अध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष बबीता देवी, अशोक सिंह, भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन से बात करने की कोशिश की, लेकिन कंपनी का कोई भी मुख्य जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। परिजनों और प्रशासन के सामने केवल कंपनी का मुंशी विकास कुमार ही बात करने के लिए उपस्थित हुआ, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया।

परिजनों और ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक कंपनी प्रबंधन सामने आकर पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे और बच्चों के भविष्य को लेकर ठोस निर्णय नहीं लेता, तब तक वे प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। फिलहाल पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधि मामले को शांत कराने और कंपनी प्रबंधन से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे है।

# बैठक में शामिल नहीं होने पर प्रदेश अध्यक्ष से होगी शिकायत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला परिसदन में बुधवार को जदयू के सभी प्रखण्ड अध्यक्षो बैठक जिलाध्यक्ष नंदलाल राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जदयू जिलाध्यक्ष नंदलाल राय ने प्रखंड अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तमाम प्रखंड अध्यक्षो की यह दूसरी बैठक है आप तमाम साथी फिर नये सिरे से प्रखंड कमिटी एवं पंचायत अध्यक्ष की कमिटी 28 जून तक जिलाध्यक्ष के पास जमा करने का काम करे इस पर सभी प्रखंड अध्यक्ष गण ने कहा कि हम तमाम प्रखंड अध्यक्ष नये सिरे से कमिटी के पुनर्गठन करके जमा कर देंगे। इस अवसर पर जदयू के पूर्व राज्य परिसद सदस्य गणेश राम चंद्रवंशी ने प्रखंड अध्यक्षो को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के नेता राष्टीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी ने बेगूसराय में पार्टी का जिलाध्यक्ष नंदलाल राय को बनाया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष बैठक बुलाती है प्रखंड अध्यक्ष का तो सभी प्रखंड अध्यक्ष की उपस्थिति दर्ज होनी चाहिए एवं पार्टी के कार्यक्रम में आना चाहिए लेकिन कुछ प्रखंड अध्यक्ष गुटवाजी में रहते हैं और जिलाध्यक्ष की बैठक में बुलाने पर नही आते है तो इसकी शिकायत प्रदेश नेतृत्व के पास होनी चाहिए जिस पर उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्ष साथी ने कहा निश्चित रूप प्रदेश नेतृत्व को अबगत कराया जाएगा। जदयू नेता अरुण कुमार महतो ने इस अवसर पर कहा कि जिलाध्यक्ष के द्वारा बुलाई गई बैठक में यदि लगातार तीन बार प्रखंड अध्यक्ष बैठक में नही आते है या प्रखंड से कोई प्रतिनिधि नही भेजते है तो इसकी शिकायत प्रदेश नेतृत्व के पास किया जाय एवं प्रदेश नेतृत्व के सहमति से उक्त प्रखंड में कार्यकारी अध्यक्ष का गठन किया जाय ।बैठक में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार, नवीन कुमार, मुकेश कुमार सिंह, शम्भू प्रसाद सिंह, हीरालाल मेहता, विपिन मिश्रा अभिनाश कुमार, प्रदीप ठाकुर, मनोज दास, जदयू नेता रामनरेश सिंह, रामाशीष राय, अर्चना कुमारी, धर्मवीर कुमार, अशोक राय, विजय राय, संजय सिंह, मुन्ना महतो ने इस बैठक में भाग लिया ।

# बिहार पुलिस और पॉलिटेक्निक में चयनित युवाओं को मिला सम्मान

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार पुलिस में चयनित बिक्रम के युवा एवं पॉलिटेक्निक में बेहतर अंक लाने पर छात्रों एम्बिशस संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र गोविंदपुर निवासी मृत्युंजय कुमार, सर्वा भड़सारा के अंकित कुमार एवं अहियापुर के वीर प्रकाश को संस्थान के चेयरमैन जे सिंह ने सम्मानित किया। वहीं निदेशक नन्हें मिश्रा ने बताया कि बिक्रम के खेल मैदान में लगातार प्रैक्टिस में रहे इस बार लगभग 40 युवा सफल हुए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के युवाओं में ऐसा जुनून ही उन्हें सफलता की ओर अग्रसर कर रहा है। वहीं संस्थान की अध्ययनरत छात्रा वजीरपुर की शिवानी कुमारी को बिहार पॉलिटेक्निक में 400 रैंक आने पर सम्मानित किया गया। शिवानी इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाई हैं। इस मौके पर शिक्षक रमेश तिवारी, अरविंद सिंह, ओमप्रकाश कुमार, अतुल उपाध्याय, गणेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कृषि और ग्रामीण विकास...

किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बक्सर और लखीसराय में टमाटर एवं प्याज के आदर्श केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया। इसके अलावा आम और अन्य बागवानी फसलों के लिए भी विशेष केंद्र विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए बिहार के फलों और कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं और इसका लाभ किसानों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में मखाना उत्पादन को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'वैश्विक बाजार में मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए मखाना बोर्ड के गठन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जानी चाहिए ताकि बिहार के मखाना उत्पादकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। बिहार कृषि रोडमैप लागू करने वाला देश का पहला राज्य रहा है। अब राज्य में इंटीग्रेटेड फार्मिंग (एकीकृत खेती) को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत खेती, पशुपालन, मत्स्यपालन और बागवानी को एक साथ जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। बिहार को इस क्षेत्र में मॉडल राज्य बनाने की दिशा में काम होगा। बैठक में पर्यावरण संरक्षण और कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए वॉटरशेड परियोजनाओं तथा मिट्टी संरक्षण कार्यक्रमों को तेजी से लागू करने का निर्णय लिया गया। सरकार का मानना है कि टिकाऊ कृषि के लिए जल और मिट्टी संरक्षण बेहद जरूरी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री की मांगों और प्रस्तावों पर सहमति जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिहार के कृषि और ग्रामीण विकास के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बिहार के किसानों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम करेंगी।

### मरीजों को रेफर...

आम लोगों को सरकारी अस्पतालों में ही गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त इलाज उपलब्ध हो ताकि उन्हें निजी क्लीनिकों और अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से अपील की कि वे इस विषय को गंभीरता से लें और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।




# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य अंतर्गत 500 करोड़ रूपये एवं उससे अधिक लागत वाली विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी शुभेंद्र कुमार झा, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए तथा जिले से संबंधित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। समीक्षा के क्रम में औरंगाबाद जिले से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। विशेष रूप से जिले में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति, रेलवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा लंबित प्रक्रियाओं के निष्पादन की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु कुल 441.79 एकड़ भूमि के अधिग्रहण से संबंधित कार्रवाई विभिन्न चरणों में



संचालित की जा रही है तथा संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक प्रक्रियाओं का निष्पादन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिले की महत्वपूर्ण औरंगाबाद टर्मिनल से अनुग्रह नारायण रोड तक नई रेल लाइन परियोजना की विस्तार से समीक्षा की गई। लगभग 12.906 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का क्रियान्वयन पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया जा रहा है। परियोजना को 26 जून 2024 को स्वीकृति प्रदान की गई थी। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 440.59 करोड़ रूपये निर्धारित है तथा इसे जून 2028 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में बताया गया कि परियोजना के क्रियान्वयन हेतु लगभग 35 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई प्रगति पर है। बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना क्षेत्र के कुल 11 मौजों में संयुक्त मापी सर्वेक्षण की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसमें जगदीशपुर एवं जोखरी मौजा में कुछ रैयतों के प्रतिरोध के कारण सर्वेक्षण कार्य लंबित है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक पहल करते हुए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में संबंधित रैयतों के साथ बैठक आयोजित की गई है तथा लंबित विषयों के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। समीक्षा के दौरान परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया गया। बैठक के अंत में मुख्य सचिव द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें ताकि जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंच सके।

# सड़क हादसे में कार्यपालक सहायक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर-बारून रोड में पिराही बाग के पास बुधवार को ट्रैक्टर ने बुलेट सवार कार्यपालक सहायक को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। युवक की पहचान भगवान बिगहा निवासी रंजीत कुमार के रूप में हुई है। वे अपने घर से सरकारी रजिस्टर आदि लेकर बुलेट से ओबरा जा रहे थे। वे ओबरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मनरेगा में कार्यपालक सहायक के तौर पर कार्यरत थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग उन्हें उठाकर समीप के एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का अन्त्यपरीक्षण कर स्वजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद ओबरा प्रखंड के मनरेगा कार्यालय में कार्यरत कार्यपालक सहायक रंजीत कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद बुधवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सहकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और गहरा शोक व्यक्त किया। अंचल अधिकारी हरिहर नाथ पाठक, रामदीप राम, प्रधान सहायक अच्युतानंद शर्मा, राहुल कुमार, विकास कुमार, पुष्कर कुमार, कार्यपालक सहायक राजीव रंजन, आशीष कुमार, मुकेश कुमार, माधुरी कुमारी, दुर्गेश कुमार, गणेश कुमार, कौशल कुमार, अमन कुमार, मनोज कुमार आदि ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

## कुएं से मिला अधेड़ का शव

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के कासमा थाना अंतर्गत बलार गांव निवासी 45 वर्षीय रविन्द्र दास का शव डोमेन बिगहा स्थित करीब 20 फीट गहरे कुएं से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। परिजनों के अनुसार रवीन्द्र दास रविवार को पत्नी से किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद गुस्से में घर से निकल गए थे। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल रहा था। काफी खोजबीन के बावजूद जब उनका सुराग नहीं मिला तो परिजन चिंतित हो उठे। मंगलवार की रात डोमेन बिगहा स्थित कुएं में एक शव होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। उसकी पहचान रविन्द्र दास के रूप में की गई है। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# बस-ट्रक की टक्कर में एक यात्री की मौत, 22 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर पहारचापी मोड़ के समीप वाराणसी से रांची जा रही लग्जरी यात्री बस ट्रक से टकरा गयी। इस घटना में एक बस यात्री की मौत हो गई जबकि करीब 22 लोग घायल हो गये। मृतक की पहचान वाराणसी जिले के राजा तालाब निवासी 35 वर्षीय बाबू विवेक सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि वह एक फार्मा कंपनी में कार्यरत थे और कंपनी के काम से अपने सहयोगी आशु पटेल के साथ रांची जा रहे थे। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रेखा लग्जरी एक्सप्रेस बस मंगलवार की रात करीब 9 बजे वाराणसी से रांची के लिए रवाना हुई थी। बुधवार की सुबह लगभग 2 बजे जब बस मदनपुर थाना क्षेत्र के पहारचापी मोड़ के पास पहुंची तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे अनियंत्रित होकर बस आगे चल रहे ट्रक से टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस के संयुक्त प्रयास से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाल उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। घायलों में वाराणसी निवासी मनेश गुप्ता, संजय राम, मनिकेश सिंह, अमन मिश्रा, दुलारी देवी समेत कई अन्य यात्री शामिल हैं। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच करने के साथ सभी तथ्यों का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है।

# जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर हो निष्पादन : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न राजस्व सेवाओं, ऑनलाइन आवेदन निष्पादन, ई-म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, लोक शिकायत एवं सहयोग शिविर पोर्टल की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम राजस्व महाअभियान समीक्षा क्रम में आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की स्थिति का अवलोकन किया गया। बताया गया कि जिले में कुल 3,02,157 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 2,50,651 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। जिलाधिकारी ने शेष लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में ई-म्यूटेशन से संबंधित प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 01 अप्रैल 2026 से 17 जून 2026 तक कुल 43,030 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 34,816 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही 1,054 आवेदन आवश्यक सुधार हेतु वापस किए गए तथा 1,639 आवेदन लंबित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। ऑनलाइन म्यूटेशन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 8525 मामलों की समीक्षा की गई, जिनमें से 5594 मामलों का निष्पादन किया गया है। जिला स्तर पर प्रगति संतोषजनक पाई गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य में और अधिक तेजी लाने का निर्देश दिया गया। परिमार्जन अंतर्गत कुल 4496 मामलों की समीक्षा की गई जिनमें से 21.03 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया गया है। वहीं परिमार्जन के अंतर्गत कुल 20997 अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा की गई, जिनमें 13683 मामलों में प्रगति दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में ई-मापी की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में कुल 10742 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1693 आवेदन स्वीकृत किए गए तथा 7970 मामलों का निष्पादन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आम नागरिकों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। अभियान बसेरा-2 की समीक्षा के दौरान भूमिहीन परिवारों के सर्वेक्षण एवं भूमि उपलब्धता से संबंधित कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया। जिला स्तर पर कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई तथा शेष लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित अंचलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त लोक शिकायत निवारण प्रणाली एवं सहयोग शिविर पोर्टल के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि सहयोग शिविर पोर्टल पर कुल 1257 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 997 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है जबकि 245 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं तथा 15 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनहित से संबंधित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

# पति से विवाद के बाद विवाहिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ढिबरा थाना क्षेत्र के केवलहा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हुई है। मृतका प्रतिमा कुमारी (26) झारखंड के छतरपुर थाना क्षेत्र के बगईया गांव निवासी सीताराम यादव की बेटी थी। घटना के बाद मायके पक्ष ने पति पर अवैध संबंध, दहेज प्रताड़ना और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं ससुराल पक्ष ने इन आरोपों को निराधार बताया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को किसी बात को लेकर प्रतिमा कुमारी और उसके पति के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि पति के अवैध संबंध को लेकर दोनों के बीच अक्सर तनाव रहता था। विवाद के बाद प्रतिमा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए हरिहरगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे जमुहार मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि प्रतिमा को उसके पति की ओर से जहर दिया गया है। हालांकि मृतका के भैंसुर ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि परिवार पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की ओर से आयोजित मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा बुधवार को जिले के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित किया गया जिसका जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय के किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज एवं गेट स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रबंधन, बैठने की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाएं। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सतर्कता, समन्वय एवं उत्तरदायित्व के साथ करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप फ़ेसर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई के फलस्वरूप 1.445 किलोग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के देवरिया रूस्तम गांव निवासी आनंद कुमार उर्फ आनंद प्रजापति के रूप में की गई है। दरअसल थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी को सूचना मिली कि आनंद कुमार अपने घर और हरनारी मोड़ स्थित गल्ला भंडार से शराब कि बिक्री कर रहा है। आसूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापेमारी की गई जिसमें एक अटैची में रखे उजले रंग के पन्नी से कुल 1.445 किलोग्राम गांजा, एक डिजिटल तराजु एवं एक लाख आठ हजार रुपये बरामद किया गया है। साथ ही कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद कारोबारी को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# विशेष अभियान के तहत 23 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 2, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 80.50 लीटर देसी शराब, 1.445, 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 1 बाइक, 108000 रूपये नकद बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1197 वाहनों की जांच की गई जिसमें 46500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 40000 रूपये रिसीवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# कचरा प्रबंधन को लेकर प्रशासन गंभीर, भूमि उपलब्धता की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में भूमि उपलब्धता की स्थिति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न नगर निकायों में सामग्री पुर्नप्राप्ति केंद्र (एमआरएफ), कम्पोस्ट प्लांट, सैनिटरी लैंडफिल तथा एसटीपी सह एफएसटीपी परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत सदर प्रखंड के सोखेया मौजा में 1.726 एकड़ भूमि लीज पर लेकर एमआरएफ एवं कम्पोस्ट प्लांट निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई है जिससे नगर क्षेत्र में अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर मौजा में 1.64 एकड़ सरकारी भूमि एमआरएफ एवं कम्पोस्ट प्लांट निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई है, जिससे स्वच्छता प्रबंधन की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। नवीनगर नगर पंचायत अंतर्गत नवीनगर मौजा में 2.00 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराते हुए एमआरएफ एवं कम्पोस्ट प्लांट स्थापना की दिशा में आवश्यक पहल की गई है। बैठक में अवगत कराया गया कि सैनिटरी लैंडफिल, एमआरएफ एवं कम्पोस्ट प्लांट हेतु भूमि चयन के लिए अभिरुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रकाशित किए जाने के उपरांत प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें आवश्यक निर्णय हेतु जिला स्तरीय समिति को प्रेषित किया गया है। देव एवं रफीगंज नगर पंचायत में भूमि उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा करते हुए भूमि चिह्नित कर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने तथा कार्यों को समयबद्ध रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

# दो अभियुक्तों को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के अपर एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय आनंदिता सिंह ने पौथू थाना में दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के अचुकी निवासी अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ नन्हे शर्मा एवं गिरिजेश शर्मा को धारा 341 में एक माह, धारा 323 में छह माह, भादंवि धारा 307 में पांच साल का कारावास एवं 15 हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनायी है। साथ ही ग्रिजेश शर्मा को आर्म्स एक्ट की धारा 27 में भी तीन साल की सजा एवं 15 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। मामले में दोनों को 08 जून को दोषी ठहराया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बढ़ते अपराध और महंगाई के खिलाफ राजद का धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल ने विधि-व्यवस्था और जनसरोकार के मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समीप राजद कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय ऐतिहासिक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। मौके पर सांसद अभय कुशवाहा, कार्यक्रम प्रभारी व अरवल के पूर्व विधायक रवीन्द्र सिंह, पूर्व विधायक सतीश दास की अगुआई में जुटे सैकड़ों पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना के दौरान सांसद अभय कुशवाहा ने महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आम जनता बढ़ती महंगाई से परेशान है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। युवाओं के सामने रोजगार का संकट है और कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। पूर्व विधायक रवीन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों, छात्रों और युवाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार को इस पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। यदि सरकार जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाती है तो राष्ट्रीय जनता दल का परिवार आगे भी सड़क पर उतरकर आंदोलन करता रहेगा। इस अवसर पर डॉ. गुलाम शाहिद, अमोद चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव कौलेश्वर प्रसाद यादव, युसूफ आजाद अंसारी, प्रदेश सचिव ई. सुबोध कुमार सिंह, एहसान अहमद, अनिल टाइगर, डॉ. रमेश यादव, उप प्रमुख बादशाह यादव, विकास पासवान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. संजय यादव, विनोद ठाकुर, राजेश गुप्ता, सत्येंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार सिंह, ई. राहुल कुमार, सुमन सिंह, चंचल कुशवाहा, मालती देवी, शबनम सुल्तान, सुशील कुमार, विकास कुमार सहित अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दी औरंगाबाद डिस्ट्रीक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि.

### औरंगाबाद (बिहार)

**आम सूचना**

दी औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., औरंगाबाद के सभी खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.06.2026 से 22.06.2026 तक फिनाकल 10.02.25 में बैंक निर्धारित कोर बैंकिंग **Solution (CBS)** अपग्रेडेशन प्रकिया को पूर्ण किया जाना है। यह उन्नयन हमारे बैंकिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, परिचालन दक्षता में सुधार करने, तकनीकी प्रगति और नियामक अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक है। उक्त स्थिति में बैंक मुख्यालय एवं सभी शाखा-औरंगाबाद, बारून, नबीनगर, कुटुंबा, देव, मदनपुर, रफीगंज, गोह, हसपुरा, दाउदनगर एवं ओबरा में बैंकिंग सेवा यथा-जमा निकासी, **RTGS, NEFT, E-Court** एवं निबंधन कार्यालय का कार्य दिनांक 18.06.2026 से 22.06.2026 तक ग्राहकों के लिए प्रभावित रहेगा। अपग्रेडेशन का परिचालन कार्य पूर्ण होते ही पुनः दिनांक 23.06.2026 से बैंकिंग सुविधा ग्राहकों / खाताधारकों के लिए आरंभ हो जाएगी। आप सभी ग्राहकों / खाताधारकों से अपग्रेडेशन प्रकिया में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा है।

आदेशानुसार